


बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 31 मार्च 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 8 | अंक - 62 | मूल्य - 5 रुपये






● बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● मलाजखंड ● लांजी ● किरनापुर ● परसवाड़ा ● लालबर्रा ● गोंदिया - भंडारा ● तिरोड़ा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● साकोली














दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरूआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# दुर्घटनाओ का केन्द्र बना सिवनी - बालाघाट मार्ग





**जगप्रेरणा सिवनी।**

***सिवनी - बालाघाट मार्ग इन दिनों दुर्घटनाओ का केन्द्र बन गया है, आवागमन का बढता दबाव सकरी रोड मे आऐ दिन दुर्घटनाऐ घटित हो रही है***

आज भी धारनाकला मे दो सडक दुरघनाऐ घटित हुई है जिसमे बोलेरो वाहन से टकराने के कारण ग्राम लालपुर निवासी एक युवक का हाथ टूट गया तथा दूसरी घटना मे साईड सोलडर से फिसलने के कारण दूसरा युवक बुरी तरह जख्मी हो गया ऐसी एक नही अपितु अनेको दुरघटनाऐ सिवनी बालाघाट रोड मे घटित हो रही है लगातार सिवनी बालाघाट रोड मे आवागमन का दबाव तेजी से बढ रहा है किन्तु मुख्यमन्त्री मोहन यादव की घोषणा के बाद भी सिवनी बालाघाट रोड के फोर लाईन मे तब्दील होने की घोषणा भी सिर्फऔपचारिकता बनकर रह गई है जबकि सिवनी बालाघाट रोड मे घटित हो रही सडक दुर्घटनाओ के कारण अब आम जनता भी इस रोड को खूनी सडक के रूप नाम दे चुकी है वैसे मुख्यमन्त्री मोहन यादव की घोषणा को एक वर्ष से ज्यादा का समय बीत चुका है किन्तु रोड का निर्माण तो दूर सडक की मरम्मत का तक कार्य प्रारम्भ नही हो पाया और दुर्घटनाओ मे लगातार इजाफा होते रहा।

## रोड निर्माण के लिये हुआ विरोध..

उल्लेखनीय है की सिवनी बालाघाट सडक निर्माण को लेकर बीते सप्ताह ही आन्दोलन के रूप मे बरघाट धारनाकला बेहरई तथा क्षेत्र की जनता ने अपने अपने प्रतिष्ठान बन्द कर विरोध भी प्रगट किया था तथा प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुऐ सडक निर्माण की मांग रखी थी तथा इसके पूर्व भी अनेको सत्याग्रह सिवनी बालाघाट रोड को लेकर हो चुके है किन्तु अब तक सिवनी बालाघाट रोड के फोर लाईन मे तब्दील होने की उम्मीदे बनकर रह गई है।

## रोड के किनारे तक फैले अतिक्रमण आऐ दिन घटित रही दुर्घटनाऐ..

यहा यह भी उल्लेखनीय है की सिवनी बालाघाट रोड मे रोड के किनारे तक फैले अवैध अतिक्रमण भी आऐ दिन दुर्घटनाऐ घटित होने का कारण बन रहे है यहा तक की शासकीय जमीन मे रोड के किनारे तक फैले अवैध अतिक्रमण के मकड़जाल को हटाने मे भी प्रशासन को पशीने छूट रहे है जबकि जिले की सवेदन शील जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद भी रोड के किनारे तक फैले अवैध अतिक्रमण तथा शासकीय जमीन के अतिक्रमण हटाने मे कोई ठोस कार्रवाई अब तक सामने नही आई है जो यही अवैध अतिक्रमण आऐ दिन भीषण दुर्घटनाओ का कारण भी बन रहे है।

# विभिन्न मांगो को लेकर कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन





**जगप्रेरणा सिवनी।**

भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं अपरिपक्वता के चलते आमजन महंगाई की मार से पहले से ही प्रभावित है उस पर मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के मूल्यों में वृद्धि करके एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी करके जनता का जीना कठिन कर दिया है। साथ ही पेट्रोल/डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से आमजन परेशान है

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आम जन को रसोई गैस की कीमतो में हुई वृद्धि को कम करने एवं डीजल, पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहें, मूलभूत आवश्यकताओं की वस्तुओं की मूल्य वृद्धि न हो के संबंध में महामहिम राष्ट्रपति के नाम साथ ही सिवनी नगर के चारो और ग्रामीण क्षेत्रो में किसानो की गेहूँ फसल कटाई के अंतिम चरण में आ गई है, जिससे किसानो को अपने परिवार की जरूरतो की पूर्ति के लिए गेहूँ की फसल पर उम्मीद टिकी हुई है ऐसे में यदि विधुत विभाग की लापरवाही से हो रही सार्टशर्किट और अन्य कारणो से जिले में अनेक किसानों के खेतो में आगजनी से पकी पकाई गेहूँ फसल जल कर नष्ट हो रही है। इसी तरह जिले में अनेक स्थानों में दुकान एवं मकान के साथ साथ कृषि उपकरण और आवश्यक वस्तुए आगजनी से पूर्ण रूप से नष्ट हो गई। जिला मुख्यालय सहित जिले के अन्य विकास खण्डों में अगनीशमन वाहनों की कमी के चलते समय पर आगजनी प्रभावित किसानो के साथ ही आगजनी की घटना से प्रभावित लोगो को प्रभावी रूप से समय पर फायर व्यवस्था न मिलने के भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है जिससे हमारे सिवनी जिले में आये दिन आगजनी की घटना से किसानो और नागरिक चिंतित और परेशान है क्यों कि अगनी की इस विभिषिका में उनका सब कुछ जलकर स्वाहा हो चुका है।

आगजनी से पीड़ित किसानों की गेहूँ फसल का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को 1 लाख रूप प्रति एकड़ मुआवजा राशि प्रदान की जाये, साथ ही किसानों द्वारा लिया गया बैंक ऋण माफ किया जाये। इसी तरह जिले में अनेक स्थानों पर आगजनी से दुकान एवं मकानो सहित कृषि उपकरणो को भी भारी छति हुई है जिसकी सक्षम अधिकारी से जांच कराकर नष्ट संपत्ति का उचित मुल्याकन कर प्रभावित लोगो को शतप्रतिशत मुआवजा राशि दी जाये। विधुत विभाग द्वारा किसानो के खेत से होकर जाने वाली विधुत लाईनों को टाइट कर उचित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये की मांग का ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर जेपीएस तिवारी, जिला संगठन महासचिव मो. हनीफ सुरेन्द्र करोसिया, मोहनसिंह चंदेल, विष्णु करोसिया, यशपाल भलावी, आजम अली, दीवान, रंजीत यादव, उदयसिंह बघेल, तनवीर अहमद, तेजसिंह रघुवंशी, किशोरी कुंजाम, बाबा भाई, नन्दू यादव, तोषिर मिर्जा बेग, अशोक नरेती, धनंजयसिंह, अदनान खान, उजैब खान, आसिम मंशूरी, सतेन्द्र बघेल, टीकाराम यादव, मोहन धुर्वे, सनाउल्लाखान, शिवम साहू, विनोद डेहरिया सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

# रुद्रावतार हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव




**जगप्रेरणा सिवनी।**

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 2 अप्रैल 2026, गुरुवार को जिला अस्पताल के सामने सर्किट हाउस चौक सिवनी स्थित रुद्रावतार हनुमान मंदिर में भव्य और दिव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम की शुरुआत 2 अप्रैल प्रातः 6 बजे से होगी, जिसमें सर्वप्रथम हनुमान जी महाराज का विद्वान पुरोहितों एवं मन्दिर के पुजारी अर्जुन पण्डा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत अभिषेक पूजन किया जाएगा। तत्पश्चात हनुमान जी महाराज का आकर्षक चोला श्रृंगार कर भव्य आरती संपन्न की जाएगी। दोपहर 1 बजे से हवन का आयोजन प्रारंभ होगा, जो लगभग 3 से 4 बजे तक चलेगा। हवन के दौरान विधि-विधान से पूजा-अनुष्ठान किए जाएंगे, जिसके पश्चात हनुमान जी महाराज की 108 दीपो से महाआरती की जाएगी। इस महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

शाम 5 बजे मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा गाजे-बाजे के साथ बालरूप हनुमान मंदिर, शुक्रवारी चौक सिवनी पहुंचकर महाप्रसाद का भोग लगाया जाएगा। यह आयोजन पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र रहेगा और भक्तिभाव से सजी यह प्रस्तुति श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करेगी। इसके बाद शाम 6 बजे से कन्या भोजन का आयोजन किया जाएगा। कन्या पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है, जिसमें हजारों लोगों को महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा भंडारे के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। रात्रि 9 बजे से भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा हनुमान जी के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी। भक्ति संगीत की इस संध्या में पूरा मन्दिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो जाएगा। मंदिर समिति द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की आवाजाही, प्रसाद वितरण और पार्किंग व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है।

# सारांश लाहोरिया की शानदार सफलता 95.42 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

नगर के अरुणाचल पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत होनहार छात्र सारांश लाहोरिया ने कक्षा दूसरी की वार्षिक परीक्षा में 95.42 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है।

सारांश बचपन से ही मेधावी रहे हैं और पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी सक्रिय भागीदारी निभाते रहे हैं।

अपनी प्रतिभा के बल पर वे कई बार पुरस्कृत भी हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि सारांश, पत्रकार संदीप लाहोरिया के पुत्र हैं, जो प्रेस क्लब ऑफसिवनी के जॉइंट सेक्रेटरी भी हैं। सारांश की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, परिजन एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कानूनी प्रक्रिया के बिना प्लॉट पर तोड़फोड़ करने वाले तीन के विरूद्ध अपराध दर्ज..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जबलपुर रोड पर ग्राम नगझर में परिवहन कार्यालय के सामने स्थित एक निजी प्लॉट पर कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना टीन शेड तोड़कर कब्जा करने के मामले में तीन आरोपी उत्तम सिंह ठाकुर,***

राजशेखर ठाकुर व शुभम राजपूत के विरूद्ध थाना डूंडासिवनी में अपराध दर्ज किया गया है। पीड़ित के अनुसार, सौरभ विश्वकर्मा के नाम पर लगभग 1200 वर्गफीट का प्लॉट ग्राम नगझर में खसरा नंबर 180/5 में स्थित है, जिसमें हाल ही में करीब 5 लाख रुपये की लागत से टीन शेड का निर्माण किया गया था। गौरव विश्वकर्मा का आरोप है कि 25 मार्च 2026 की शाम करीब 5 से 5.30 बजे के बीच उन्हें सूचना मिली कि उनके प्लॉट पर जेसीबी मशीन क्रमांक एमपी 22 जी 2701 के माध्यम से तोड़फोड़ की जा रही है। मौके पर पहुंचने पर पाया कि टीन शेड पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिससे लगभग 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस के अनुसार उत्तम सिंह ठाकुर, उनके पुत्र राजशेखर ठाकुर एवं शुभम राजपूत सहित अन्य लोगों द्वारा बिना किसी वैधानिक अनुमति या न्यायालयीन प्रक्रिया का पालन किए जबरन कब्जा करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई।

इस दौरान बिजली कनेक्शन एवं मीटर को भी नुकसान पहुंचाया गया। पीड़ित के अनुसार प्लॉट से संबंधित सभी दस्तावेज, रजिस्ट्री, खसरा एवं डायवर्सन उनके पास उपलब्ध हैं, इसके बावजूद आरोपियों द्वारा अवैध रूप से कब्जे का प्रयास किया गया। डूंडासिवनी पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी उत्तम सिंह ठाकुर, राजशेखर ठाकुर व शुभम राजपूत सभी सिवनी निवासी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 296 (ए), 115 (2), 324(4), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# हिसंक बाघ की तलाश मे सर्च आपरेशन



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***वन विकास निगम बेहरई के द्वारा लगातार तपती धूप मे बाघ की तलाश की जा रही है क्योकि लगातार बाघ के हमले से क्षेत्र मे भय का वातावरण बना हुआ है।***

आदिवासी युवक के शिकार के बाद दूसरे दिन बाघ ने शैला तथा घुरवाडा ग्राम मे भी दस्तक दी थी जिसे लोगो ने देखते हल्ला बोलते हुऐ बाघ को भगाने का भी प्रयास किया है और कोई दूसरी घटना घटित न इस बात को ध्यान मे रखते हुऐ वन विकास निगम के द्वारा लगातार जंगल मे घूमकर बाघ की तलाश की जा रही है और भारी तादाद मे वन विभाग का अमला लगातार दो दिनो से बाघ की आवक वाले स्थानो पर तैनाती बनाये हुऐ है जिसमे जंगल से लगे ग्रामीण क्षेत्र के लोगो का सहयोग भी वन विभाग को मिल रहा है।

## लगाये जा रहे कैमरे..

वन विभाग के द्वारा जंगल के अधिकांश हिस्सो मे कैमरे स्थापित किये जा रहे है ताकि बाघ की उपस्थिति वाले छेत्र को कैमरे मे कैद किया जा सके और आज दिन भर तपती गर्मी मे वन विभाग द्वारा जंगल मे घूमकर बाघ की तलाश के साथ ही कैमरे स्थापित किये गये है.

## बकरे को बनाया शिकार..

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर बाघ के द्वारा आदिवासी युवक का शिकार किया गया था उसी स्थान पर वन विभाग के द्वारा बाघ की तलाश के लिये बकरा रखा गया था जिसे बाघ ने शिकार बनाकर यह संकेत जरूर दे दिया है की बाघ की उपस्थिति उसी छेत्र के जंगल मे बनी हुई है और इसी तलाश मे वन विभाग के द्वारा लगातार जंगल की ओर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि हिसंक बाघ को तलाश कर कैद किया जा सके.

यहा यह बताना भी लाजिमी है की गोडेगावं शैला घुरवाडा डोरली मऊ उमरवाडा आदि दर्जनों ग्राम जंगल से लगे हुऐ है तथा वर्तमान मे महूआ बीनने के लिये गरीब तबका जंगल मे लगे महूआ के पेडो के नीचे रुख कर रहा है और लगातार बाघ के हमले होते चले आ रहे है बाघ की तलाश के साथ ही ग्रामीण लोगो को वन विभाग द्वारा लगातार चेतावनी भी दी जा रही है की सावधानी बरते तथा जंगल की ओर वर्तमान मे रुख न करे।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे.. हसीब मोहम्मद 7898530101

# सिवनी में एल्डरमैन नियुक्तिः 5 निकायों में मनोनीत पार्षद घोषित

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा सिवनी जिले की नगर पालिका सहित चार नगर परिषदों में मनोनीत पार्षद (एल्डरमैन) नियुक्त किए गए हैं।***

नगर पालिका परिषद सिवनी में पाँच एल्डरमैन नियुक्त किये गये है जो क्रमशः इस प्रकार है श्रीमती कविता शर्मा, श्रीमती वंदना बैस, भारत रहंगडाले, सत्यनारायण अग्रवाल, सुरेश भांगरे एवं गोपाल पवमें।

इस प्रकार नगर परिषद बरघाट में चार एल्डर मैन बनाये गये है जिसमें राजेन्द्र ठाकुर, किरण टेंभरे, रमन लुधियाना एवं प्रदीप ठाकुर शामिल है। नगर परिषद छपारा में स्वर्णिम साहू, रेखा जावरे, सुनील दत्त पाठक एवं दिनेश लोधी नगर परिषद लखनादौन में आशीष गोल्हानी, देवेन्द्र जैन प्रकाश सोनी एवं नरेश सेन। नगर परिषद केवलारी में सुधीर पाण्डेय, राजकुमार बघेल, त्रिवेणी दमाहे एवं संजय तिवारी को शामिल किया गया है।

# माता काली दरबार जामुनटोला में आज होगा कलश विर्सजन..



**जगप्रेरणा बरघाट।**

चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि 23 मार्च 2026 को माता काली दरबार जामुनटोला में विधिविधान से 301 मनोकामना कलश स्थापना किया गया।

देवी भक्त सुबह शाम पूजन अर्चन कर माता काली की आराधना कर रहे है, सोमवार को अष्टमी पूजन करने माता काली के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी माता काली को खीर, पूड़ी, मेवा मिष्ठान का भोग लगाया गया। आज मंगलवार को धूमधाम से कलश ज्वारे शोभायात्रा निकाली जाएगी बाबाजी महेश नागेश्वर ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार माता काली के दरबार जामुनटोला में चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि को मनोकामना कलश स्थापना की जाती है। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के अनेकों जिलों से देवी भक्त बड़ी संख्या पर अपनी मनोकामना कलश प्रज्वलित कर पूजा आराधना करते है।

31 मार्च मंगलवार दोपहर 2 बजे धूमधाम से ज्वारे कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, ढोल बाजे गाजे के साथ काली जी झांकी, रथ, भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा विसर्जन स्थल पहुंचेगी जहां आरती पूजन के पश्चात कलश ज्वारे विसर्जित किया जाएगा, इसके पश्चात विशाल भंडारा प्रसादी वितरण किया जाएगा।

# वनों की सुरक्षा को प्राथमिकताः लखनादौन में वरिष्ठ अधिकारियों का निरीक्षण..



**जगप्रेरणा लखनादौन।**

वनों की सुरक्षा एवं हरित क्षेत्र के विस्तार को लेकर आज लखनादौन वन परिक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा औपचारिक शासकीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान एपी सीसी एफमोहन लाल मीणा, वन मंडल अधिकारी महेंद्र उइके, संयूक्त वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह एवं वन परीक्षेत्र अधिकारी उत्तम मिश्रा ने क्षेत्र का भ्रमण कर वन प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने हल्दू प्रजाति के वृक्षारोपण कार्य को देखा और उसकी प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने उपस्थित अमले को निर्देशित किया कि पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं नियमित देखरेख पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें। इसके पश्चात अधिकारियों ने नगर वन की प्रगति का अवलोकन किया। नगर वन में किए जा रहे विकास कार्यों एवं हरियाली बढ़ाने के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में ऐसे हरित स्थल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वन केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं। इनकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने वन अमले को निर्देश दिए कि अवैध कटाई, अतिक्रमण एवं आग जैसी घटनाओं पर सख्ती से नियंत्रण रखा जाए और जनभागीदारी के माध्यम से वनों की रक्षा को जन आंदोलन का रूप दिया जाए।

निरीक्षण के दौरान वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## छपारा और आसपास के गांवों में अचानक बारिश से गर्मी से मिली राहत..



**जगप्रेरणा छपारा।**

सोमवार की शाम करीब 6 बजे छपारा नगर और विकास खंड के विभिन्न गांवों में मौसम अचानक बदल गया। तेज बारिश ने लोगों को लंबे समय से चल रही गर्मी से थोड़ी राहत दी। हालांकि किसानों के लिए यह मौसम चिंता का कारण बन गया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, खड़ी फसलें इस बारिश से प्रभावित हो सकती हैं। किसान अब अपने खेतों और फसलों की सुरक्षा को लेकर सतर्क हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों में मौसम में और बदलाव की संभावना बनी हुई है। नागरिकों से अपील की गई है कि बारिश के दौरान सावधानी बरतें और खेतों की देखभाल सुनिश्चित करें।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी के नेतृत्व में

## बालाघाट में महंगाई के विरोध में शहर कांग्रेस ने किया विधायक अनुभा मुंजारे की उपस्थिति में पुतला दहन, प्रदर्शन







जगप्रेरणा बालाघाट।

***बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर के आसमान छूते दाम, बिजली दरों में लगातार वृद्धि तथा पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जिला मुख्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल***

दिया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और सरकार के खिलाफ तीखी नारेबाजी करते हुए जनआक्रोश का इजहार किया। पुतला दहन प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बालाघाट विधायक अनुभा मुजारे ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज आम जनता महंगाई की मार से बुरी तरह त्रस्त है, लेकिन सरकार पूरी तरह संवेदनहीन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दामों में लगातार हो रही वृद्धि ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। रसोई चलाना आज आम परिवार के लिए चुनौती बन गया है। वहीं बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि कर सरकार ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने अपने संबोधन में कहा कि पेट्रोल-डीजल की कमी और लगातार बढ़ती कीमतों ने आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पूरी तरह विफल साबित हो चुकी है और जमीनी समस्याओं को सुलझाने के बजाय केवल बड़े-बड़े दावे और विज्ञापनों के सहारे अपनी नाकामी छिपाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग – किसान, मजदूर, व्यापारी और मध्यम वर्ग – महंगाई की मार झेल रहा है, लेकिन सरकार के पास कोई ठोस समाधान नहीं है। जीतू बर्वे ने कहा कि महंगाई ने आमजन की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। घर-गृहस्थी चलाना मुश्किल हो गया है, वहीं बिजली के बढ़ते बिलों ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। ऐसे हालात में सरकार की चुप्पी और निष्क्रियता बेहद चिंताजनक है।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाए और अपनी मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया और जनता को राहत नहीं दी गई, तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती अनुभा मुंजारे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी, अंजू जायसवाल, जीतू बर्वे, शानू राय, अल्लाह रखा, साबिर मंसूरी, जावेद अली, गुलाबचंद नगपुरे, भीम भाई, प्रवीण मदनकर, आशुतोष डहरवार, अफरोज खान, धर्मेंद्र बोपचे, राम सिंह भाटिया, पप्पू मदनकर, अंकित अग्रवाल, मुकेश माहुले, सुमन केवलानी, पौडवार मैडम, शीला नगपुरे, मकसूद खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याण पूर्व दिवस पर

## अहिंसा, करुणा और शांति का संदेश लेकर बालाघाट शहर की सड़कों पर उतरे नन्हे कदम..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***भगवान महावीर के 2625 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री पार्श्वनाथ जैन महिला मंडल बालाघाट के प्रतिनिधित्व में आज बालाघाट शहर में छोटे बच्चों की एक भव्य 'साइकिल अहिंसा रैली' का आयोजन किया गया।***

नई पीढ़ी के माध्यम से समाज में 'जियो और जीने दो' तथा 'अहिंसा परमो धर्म' के संदेश को प्रसारित करने आयोजित इस रैली का शुभारंभ दुपहर 4:30 बजे भगवान महावीर अहिंसा द्वार कालीपुतली चौक से श्याम टॉकीज मॉल हनुमान चौक तक किया गया। पार्श्वनाथ जैन महिला मंडल की सभी सदस्यों के साथ सकल जैन समाज के वरिष्ठ अजय लूनिया, अभय सेठिया, वीरेंद्र जैन, बलवंत खजांची, अतुल वैद्य, भागचंद नाहर, महावीर जन्मकल्याणक महोत्वस समिति के अध्यक्ष आदित्य सेठिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना किया।

इस अवसर पर बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। रैली में लगभग एक सैकड़ा से अधिक छोटे एवं बड़े बच्चों ने अपनी साइकिल के माध्यम से रैली निकाली । उनकी साइकिलों पर अहिंसा, शाकाहार और पर्यावरण संरक्षण के नारों वाली तख्तियां लगी हुई थीं। पूरी रैली के दौरान ÷महावीर स्वामी का है संदेश–अहिंसामय हो अपना देश÷ और ÷जियो और जीने दो÷ के जयघोष से आकाश गूंज उठा। बच्चों ने यातायात नियमों का पालन करते हुए कतारबद्ध होकर पूरे शहर का भ्रमण किया। समापन पर सभी प्रतिभागी बच्चों को पारितोषिक और स्वल्पाहार वितरित किया गया।

#### बोली यामिनी चौरड़िया..

आयोजक संस्था में श्री पारसनाथ जैन महिला मंडल बालाघाट की अध्यक्षा श्रीमती यामिनी चौरडिया ने बताया, भगवान महावीर के सिद्धांत आज के समय में और भी प्रासंगिक हो गए हैं। जब बच्चे इन संदेशों को लेकर निकलते हैं, तो समाज पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। हम चाहते हैं कि बच्चे बचपन से ही करुणा और अहिंसा के मार्ग पर चलना सीखें।

#### बोली मेघा सेठिया..

मंडल की सचिव श्रीमती मेघा सेठिया ने कहा कि यह रैली निकालने का मुख्य उद्देश्ध बच्चों द्वारा सामाजिक एकता, सद्भाव एवं समरसता का भाव जन जन तक पहुंचना था। बच्चों द्वारा जब अहिंसा के अग्रदूत श्री महावीर स्वामी के संदेश जियो और जीने दो हमें अहिंसा पथ पर आगे चलना का मार्ग प्रशस्त करता है। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गो अहिंसा द्वारा से अहिंसा मार्ग मैं रोड से होते हुए समापन स्थल पर समाप्त हुई।

#### इनका रहा विशेष योगदान..

इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में महावीर जन्मकल्याणक संस्था के सभी सदस्यों एवं जैन धर्मालंबियों का विशेष योगदान रहा। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री पार्श्वनाथ जैन महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती यामिनी चौरडिया , सचिव मेघा सेठिया , कोषाध्यक्ष मनीषा खजांची, मंडल की प्रमुख कार्यकारणी सदस्य श्रीमती रेखा बैद, संचल चोपड़ा, सरिता चोपड़ा, पूजा मुथा, डॉ. प्राची सुराणा, दीप्ति बोथरा, पिंकी शाह, अनीशा सुराणा, डॉली सुराणा, प्रणिता बाघरेचा, मीनल सिंगी आदि सदस्य गण उपस्थिति रही। उपरोक्त जानकारी महावीर जन्मकल्याणक मोहत्सव समिति के मीडिया प्रभारी मोनिल जैन ने दी।

### आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन..

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष आदित्य सेठिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 31 मार्च को महावीर भवन से सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जायेगी, एवं इसके उपरांत सुबह 9 बजे पार्श्वनाथ भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस शोभायात्रा में रुद्रताड़वम ढोल (उडुपी) कर्नाटक विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। इसी प्रकार 11 बजे से जिला चिकित्सालय बालाघाट में भोजन वितरण का कार्यक्रम अभय सेठिया परिवार के सौजन्य से मणिधारी जैन युवा मंडल के प्रतिनिधित्व में होगा, वहीं 31 मार्च को नया सराफा के मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया है जिसमें देश के प्रसिद्ध कविता पाठ से करेंगे।

## चोर निकले ही थे चोरी करके, और भरवेली पुलिस ने 06 घंटो में धर दबोचा..

### पुरी रात मेहनत कर 17 लाख के गहने एवं नगदी बरामद करने मे प्राप्त की सफलता..


जगप्रेरणा बालाघाट।

29.03.2026 को पाथरवाड़ा निवासी कुलप्रकाश नगपुरे ने पुलिस थाने में शिकायत कर बताया कि अपने रिश्तेदार के घर सरेखा, बालाघाट गए हुए थे। रात्रि लगभग 10:30 बजे घर वापस लौटने पर घर के पीछे एवं अंदर के दरवाजें एवं ताले टूटे हुए थे, तथा बेडरूम की अलमारी खुली हुई है। घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना भरवेली में अपराध क्रमांक 86/2026 धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

इस रिपोर्ट के बाद नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी के नेतृत्व में 3 टीमों का गठन कर प्रमुख मार्गो पर नाकाबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया गया, जिस पर दुर्गा चौक के पास दो संदिग्ध पुलिस वाहन को देखकर छिपते हुए भागने लगे, जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़स। पूछताछ में अनिल बसेने (उम्र 29 वर्ष), तथा मंगल लिल्हारे (उम्र 30 वर्ष), दोनों ही निवासी ग्राम पाथरवाड़ा, थाना भरवेली ने चोरी करना स्वीकार करते हुए बताया कि उन्हें जानकारी थी कि प्रार्थी अपने परिवार के साथ बाहर जाने वाला है। इसी का फायदा उठाते हुए रात्रि में सब्बल से दरवाजे तोड़कर प्रवेश किया और बेडरूम की अलमारी से सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी चोरी की। आरोपियों से पुलिस ने चोरी किये सभी गहने जब्त कर अन्य मामलों मे विधिवत पूछताछ शुरु की है।


इस मामले में नगर पुलिस अधीक्षक श्री मयंक तिवारी के नेतृत्व मे निरी. भूपेन्द्र पन्द्रो, सउनि . सोमलाल कावरे, सउनि. सुरेश नागेश्वर, प्रआर. आशीष बघेल, प्रआर. शिशुपाल कटरे, प्रआर. दीपक चावके, आर. कमलेश विश्वकर्मा, आर. नीलेश ठाकुर, आर. संतोष परतेती, आर. परमानंद रिनायत, आर. जीतलाल धामड़े, आर. राहुल सलामे, आर. संदीप गढपाले, आर. कमलेश पंचेश्वर, आर. विजेन्द्र उइके आर. नरेन्द्र गौतम की सराहनीय भूमिका रही।

आवश्यकता है..
ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी.,12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/युवती की आवश्यकता है।
संपर्क - 9244872544/9201340520

















दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजना मोनु बर्वे उकवा
मो. 74156-52935

जग प्रेरणा
लालबर्रा / बैहर / परसवाडा
● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

# शेरपार में अंतर्राज्यीय बैल जोड़ी पट प्रतियोगिता सम्पन्न, लामता के कपूर चंद पंचेश्वर की बैल जोड़ी रही प्रथम विजेता, 67 जोड़ियों ने दिखाया दमखम..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***परसवाड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम सेरपार में आयोजित ‘ शिव शक्ति अंतर्राज्यीय बैल जोड़ी पट प्रतियोगिता’ इस वर्ष भी भव्यता और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।***







दो दिवसीय इस पारंपरिक आयोजन में क्षेत्र सहित अन्य जिलों एवं राज्यों से आए पशुपालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कुल 67 बैल जोड़ियों ने भाग लेकर अपनी ताकत, गति और बेहतरीन तालमेल का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का प्रथम चरण (लोकल दौड़) 28 मार्च 2026 को आयोजित किया गया, जबकि द्वितीय चरण (फाइनल दौड़) 29 मार्च को सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता स्थल पर किसानों, पशुपालकों, व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरे क्षेत्र में मेले जैसा माहौल बना रहा।

## विजेताओं ने बिखेरा जलवा-

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, प्रथम पुरस्कारः कपूर चंद पंचेश्वर (लामता) की बैल जोड़ी ÷नीला-पीला÷ (शाकिर बाबा), द्वितीय पुरस्कारः बंरु बंदर (बगदरा) की जोड़ी (योगेश भैया एवं रामजी), तृतीय पुरस्कारः कबूतरनारा की जोड़ी (अनिकेत दशहरे), चतुर्थ पुरस्कारः मोनू गौतम (सेरपार), पंचम पुरस्कारः टूइनवन, देवरिया टोला की बैल जोड़ी।

## आकर्षक नगद पुरस्कार-

प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए गए, प्रथम पुरस्कारः ₹25,001 (राजा ऐड़े, जड़े द्वारा), द्वितीय पुरस्कारः ₹21,001 (डॉ. वेदप्रकाश लिल्हारे द्वारा), तृतीय पुरस्कारः ₹18,001 (क्षेत्रीय विधायक द्वारा), साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार वितरित किए गए।

## पशुधन संरक्षण का संदेश-

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य पशुधन संरक्षण को बढ़ावा देना एवं किसानों व पशुपालकों को एक मंच उपलब्ध कराना रहा। आयोजन के माध्यम से ग्रामीण परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का प्रयास भी किया गया।

## बेहतर व्यवस्थाओं से बढ़ी गरिमा-

आयोजन समिति द्वारा प्रतिभागियों एवं दर्शकों के लिए भोजन, पेयजल, टेंट एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। साथ ही पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

## सुरक्षा और अनुशासन के पुख्ता इंतजाम-

प्रतियोगिता के दौरान सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए विशेष दिशा-निर्देश लागू किए गए। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति-

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मधु भगत उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की जीवंत झलक प्रस्तुत करते हैं और पशुधन संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार बंधु एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## इनका रहा विशेष योगदान-

कार्यक्रम में संरक्षक अशोक मण्डलेकर, अध्यक्ष राजेश (पप्पू) ऐड़े, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष बनवाले, उपाध्यक्ष गायत्री कुमरे एवं गीता ऐड़े सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सचिव मंडल में टोपराम पटले, मोनू गौतम, भुनेश मर्सकोले, अर्जुन उयके तथा कोषाध्यक्ष प्रमोद मण्डलेकर, रामजी यादव, मेघराज ठाकरे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सभी के सहयोग से सफल आयोजन-

कार्यक्रम की सफलता में संरक्षक मंडल, आयोजन समिति, ग्राम पंचायत, पत्रकार बंधुओं एवं क्षेत्रवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया। इस प्रकार सेरपार में आयोजित यह बैल जोड़ी पट प्रतियोगिता न केवल एक रोमांचक खेल आयोजन रही, बल्कि ग्रामीण एकता, परंपरा और पशुधन संरक्षण का सशक्त संदेश भी दे गई।

# चांगोटोला में ड्रीम्स होंडा के एक्सटेंशन काउंटर असाटी होंडा का शुभारंभ..

## अब ग्राहकों को नहीं आना पड़ेगा शहर, संचालक असाटी बोले जल्द शुरू करेंगे सर्विस सेंटर

जगप्रेरणा बालाघाट।

***होंडा ने जिले में ग्रामीण क्षेत्रो में ही अपना विस्तार शुरू कर दिया है, जिले के ग्रामीण क्षेत्र चांगोटोला में सोमवार को होंडा के एक्सटेंशन काउंटर का शुभारंभ किया गया। जिससे, अब होंडा की गाड़ियों के लिए, ग्रामीणो को शहर आने की जरूरत नहीं होगी।***







वह एक्सटेंशन काउंटर से ही अपना पसंदीदा, होंडा की गाड़ी क्रय कर सकेंगे। होंडा ने असाटी होंडा के नाम से क्षेत्र में यह सौगात, क्षेत्रवासियों को दी है। सोमवार को चांगोटोला सरपंच प्रमोद ठाकरे, ड्रीम्स होंडा संचालक कमलजीत सिंघ छाबड़ा और संचालक संतोष एवं संदीप असाटी की उपस्थिति में किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न देकर किया गया।

क्षेत्र में असाटी होंडा के माध्यम से होंडा की मिल रही सर्विस को लेकर क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की है, साथ ही होंडा ने अपने, ग्राहको के लिए उनकी पहुंच दायरे में यह असाटी होंडा शोरूम खोला है, ताकि लोग, शहर ना आकर क्षेत्र के ही असाटी होंडा से इसका फायदा ले सकते है।

शुभारंभ अवसर पर अतिथि और संचालकों के साथ ही क्षेत्र के गणमान्य नागरिक राजेंद्र असाटी, संजय असाटी, राहुल असाटी, रोटरी क्लब ऑफबालाघाट के सचिव आशीष साहू, प्रेसिडेंट इलेक्ट अंकित अग्रवाल, लखविन्दर सिंघ भंगल, राहुल जैन मौजूद रहे। असाटी होंडा संचालक संदीप असाटी ने बताया कि जल्द ही असाटी होंडा में सर्विस सेंटर भी शुरू किया जाएगा। जिससे होंडा के ग्राहको को अपनी गाड़ी की सर्विसिंग कराने, शहर आने की जरूरत नहीं होगी और वे, चांगोटोला में ही सर्विसिंग करा सकेंगे।

# परसवाड़ा के हर्राभाट में अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, जेसीबी सहित 8 ट्रेक्टर जब्त..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।



बालाघाट जिले में अवैध खनन के खिलाफप्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिले की परसवाड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम हर्राभाट में लंबे समय से अवैध रूप से मिट्टी उत्खनन किए जाने की शिकायतें सामने आ रही थीं। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन को सूचित किया कि कुछ लोग बिना किसी वैध अनुमति के बड़े पैमाने पर मिट्टी निकालकर परिवहन कर रहे हैं, जिससे न केवल राजस्व की हानि हो रही है बल्कि पर्यावरणीय संतुलन भी प्रभावित हो रहा है। इन्हीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की योजना बनाई। एसडीएम श्रीश प्यासी के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार सुश्री पूर्णिमा भगत के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस और संबंधित विभागों की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर अचानक छापा मारते हुए अवैध उत्खनन कार्य को रंगे हाथों पकड़ा। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि उत्खनन कार्य पूरी तरह से नियमों के विरुद्ध और बिना किसी शासकीय अनुमति के किया जा रहा था। मौके से एक जेसीबी मशीन और 8 ट्रैक्टर जब्त किए गए, जिनका उपयोग मिट्टी निकालने और परिवहन में किया जा रहा था। प्रशासन ने सभी जब्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने सख्त संदेश देते हुए कहा है कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, विशेष रूप से खनन जैसे गंभीर मामलों में, किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र में अवैध उत्खनन के कारण सड़कों की स्थिति खराब हो रही थी, खेतों को नुकसान पहुंच रहा था और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा था। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन नियमित निगरानी बनाए रखे ताकि इस तरह की गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके। विशेषज्ञों का भी मानना है कि अवैध उत्खनन न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा है। इससे भूमि क्षरण, जल स्तर में गिरावट और पारिस्थितिकी तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसे में प्रशासन की यह कार्रवाई क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# टीएल बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना ने समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश..

जगप्रेरणा बालाघाट।

30 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

सरसो की 01 अप्रैल से और गेहूँ की 07 अप्रैल से खरीदी होगी

बैठक में सर्वप्रथम समर्थन मूल्य पर चना एवं गेहूँ की खरीदी एवं भावांतर योजना में सरसो की खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी 30 मार्च से प्रारंभ कर दी गई है, जो 28 मई तक चलेगी। समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी के लिए मंडी स्तर पर 08 केंद्र बनाये गए है। समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए 2609 किसानों ने पंजीयन किया है। चना समर्थन मूल्य 5875 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी जाएगा। समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी 07 अप्रैल से प्रारंभ होगी। इसके लिए जिले में 13 केंद्र बनाये गए है। भावांतर योजना में सरसो की खरीदी 01 अप्रैल से शुरू की जाएगी, इसकी खरीदी मंडी स्तर पर बनाये गए 07 केंद्रो पर की जाएगी। भावांतर योजना में सरसो विक्रय के लिए 2154 किसानों ने पंजीयन कराया है। भावांतर योजना में सरसो की खरीदी 30 मई तक की जाएगी। सरसो का समर्थन मूल्य 6200 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है।

सीसीटीवी की निगरानी में होगी सरसो की खरीदी, नीलामी की होगी वीडियोग्राफी

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ एवं चना की खरीदी के लिए सभी आवश्यक तैयारियॉ की जाए। भावांतर योजना में सरसो की खरीदी जिन केंद्रो पर होना है उनमें सीसी टीवी कैमरे लगाये जाए। सरसो की बोली के दौरान वीडियोग्राफी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। सरसो विक्रय की अनुमति संबंधित एसडीएम द्वारा दी जाएगी। सरसो की नीलामी के दौरान बोली लगाने वाले लायसेंस धारक व्यापारियों के बीच प्रतिस्पर्धा होना चाहिए। भावांतर योजना में सरसो विक्रय करने वाले किसान को उसी दिन उसके बैंक खाते में ई-भुगतान अनिवार्य रूप से करना है।

कलेक्टर श्री मीना ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में एलपीजी गैस सिलेण्डर एवं डीजल व पेट्रोल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिले में कहीं पर भी डीजल पेट्रोल के लिए पंप पर लाईन लगाने की स्थिति नही बनना चाहिए। इस दौरान बताया गया कि जिले में एलपीजी गैस सिलेण्डर एवं डीजल व पेट्रोल की कोई कमी नही है। इसके नियमित रूप से आपूर्ति हो रही है। जिले में वर्तमान में एलपीजी के 5263 सिलेण्डर तथा 923 किलोलीटर डीजल व 731 किलोलीटर पेट्रोल उपलब्ध है।

मखाने की खेती को सफल बनाने हर संभव उपाय करें

बैठक में सहायक संचालक उद्यान को निर्देशित किया गया कि मखाना की खेती करने वाले किसानों से निरंतर संवाद व संपर्क बनाये रखे और उन्हें सतत मार्गदर्शन दें। मखाना उपज की खरीदी के लिए प्लानिंग करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि बालाघाट जिले में सिंघाडे की अच्छी उपज होती है। अतः जिले में मखाने की भी खेती में अच्छी संभावना है। उद्यान विभाग का अमला प्रयास करें कि जिले में मखाने की खेती असफल नही होना चाहिए। इस दौरान बताया गया कि मखाने की खेती के लिए जिले के 20 किसानों को रायपुर एवं 20 को होशंगाबाद (नर्मदापुरम) में प्रशिक्षण दिलाया गया है। इस प्रकार जिले के 40 किसानों को मखाने की खेती के लिए तैयार किया गया है और उनके द्वारा 17.50 हे. में मखाने के बीज लगाये गए है। वर्तमान में मखाने के बीजो में अंकुरण की प्रक्रिया प्रारंभ है। अगले 08 से 09 माह में मखाने की फसल तैयार हो जाएगी।

मत्स्य उत्पादन बढाने जलाशयों में कैजकल्चर लगाये

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में सहायक संचालक मत्स्योद्योग को निर्देशित किया कि जिले के जलाशयों में मत्स्य उत्पादन के लिए अधिक से अधिक संख्या में कैजकल्चर लगवाए। उन्होंने बचत सह-राहत योजना में जिले के अधिक से अधिक मछुवारों को शामिल करने के निर्देश दिये। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत घरों में सोलर पैनल लगवाने का लक्ष्य शीघ्रता से पूर्ण करें। अक्षय ऊर्जा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कुसुम-बी योजना के अंतर्गत किसानों के खेतों में सोलर पंप लगाने का लक्ष्य शीघ्रता से पूर्ण करें।

जिला चिकित्सालय के बिगडे एसी को शीघ्र दुरुस्त कराये, व्यवस्था होने तक कूलर लगाये

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 14 वर्ष आयु की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण का लक्ष्य 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये। सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि जिला चिकित्सालय के वार्डों में लगे एसी का शीघ्रता से सुधार कार्य करवो एवं मरीजों को गर्मी से बचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में कूलर लगवो। श्रम पदाधिकारी को श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने के निर्देश दिये गए। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया गया कि आंगनवाडी केंद्रो में शौचालय निर्माण एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराये।

शालाओं में प्रवश उत्सव की तैयारियॉ पूर्ण करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को शालाओं में आयोजित होने वाले प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की सभी तैयारियॉ करने के निर्देश दिये। उन्होंने भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत शालाओं में बच्चों से संवाद के लिए सभी अधिकारियों की अलग-अलग ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। सभी अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि वे आवंटित शाला में अनिवार्य रूप से जाए और बच्चों से संवाद करें। बैठक में जनगणना-2027, वनग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तन करने एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ करें निराकरण

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 50 दिन से अधिक की लंबित शिकायतों को प्राथमिकता दें और उनका शीघ्रता से निराकरण कराए। कोई भी शिकायत एल-1 स्तर के अधिकारी द्वारा नाट अटेंडेंट नही रहना चाहिए। खैरलांजी तहसीलदार द्वारा सीएम हेल्पलाईन की शिकायत समय सीमा में अटेंड नही करने पर उनका 01 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण नही करने पर लांजी, कटंगी एवं बैहर के तहसीलदार तथा नगर पंचायत कटंगी के सीएमओ पर जुर्माना लगाने और जुर्माने की राशि उनके वेतन से काटने के निर्देश दिये गए।

## कार्यालय ग्राम पंचायत पांढरवानी, जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट

क्रमांक /क्यू/2026 दिनांक 26.03.2026

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत पांढरवानी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में जीरामजी (मनरेगा),पंच परमेश्वर,5 वां, 14 वां व 15 वां 16 वित्त आयोग, स्वकराधान मद , स्वच्छ भारत अभियान, विधायक-सांसद निधि, परफार्मेंस ग्रांट फंड, गौण खनिज मद एवं अन्य मरम्मत व पंचायत में अन्य योजनाओं के तहत् विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी हैं। इन कार्यों के लिए दिनांक 04/04/2026 तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत पांढरवानी में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें।

सामग्री- सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, लोहा पाइप, टीन, मिट्टी, मुरम, रेत, ईट, मिक्चर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, पॉलीथीन, थर्माकॉल, रोलर, वॉशबेसिन नल सहित, पेंटिंग कार्य, गद्दू(पेपर ब्लॉक), नल जल योजना हेतु पाइप, कुर्सी, टेबल, स्ट्रीट लाईट संबंधी सामग्री,वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित सामग्री, एसीसी एस्बेस्टस चादर (छत), पी.वी.सी पाइप 10 फीट, एंगल नट बोल्ट सहित, सेंट्रिंग, तार, खीला, आईल, पेंट, दरी, आलमारी, कूलर, लैपटाप, कम्प्युटर सामग्री, टंकी, स्टेशनरी क्रय, नल-जल संधारण की सामग्री, पौधा क्रय, पंडाल व्यवस्था, मिष्ठान, जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर ट्राली, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

सरपंच
अनीस खान

रोजगार सहायक व प्रभारी सचिव
कृष्णा पंचेश्वर

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत, कार्यालय
ग्राम पंचायत पांढरवानी जनपद पंचायत लालबर्रा









दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

# संत शिरोमणि रविदास जयंती पर विधायक गौरव पारधी ने ग्राम मोहगांव नादी में किया प्रतिमा लोकार्पण

जगप्रेरणा कटंगी।

***ग्राम मोहगांव नादी में संत शिरोमणि संत रविदास जयंती एवं प्रतिमा का लोकार्पण समारोह के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन करते हुए संत रविदास जी की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया।***

इस गरिमामय कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मातृशक्ति एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष रूप से भव्य बना दिया।








## विधायक गौरव सिंह पारधी ने संत रविदास जी को किया नमन, दिया समाज को जोड़ने का संदेश

कार्यक्रम के दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी ने संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ग्राम के देवी-देवताओं एवं महापुरुषों का स्मरण करते हुए सभी को नमन किया। उन्होंने उपस्थित मातृशक्ति एवं ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास जी की प्रतिमा को समर्पण करने का मुझे सौभाग्य देने के लिए मैं आप सभी का आभारी हूं, संत रविदास जी के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है और यह उनके लिए गर्व का विषय है कि वे इस प्रयास में सहभागी बन पा रहे हैं।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संत रविदास जी ने प्रेम, समानता और भाईचारे का जो संदेश दिया, वही समाज को सशक्त और संगठित बनाने का आधार है। समाज को जोड़ने की भावना को मजबूत करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने संगठन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जब हम सब मिलकर चलते हैं, तभी समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है।

## महापुरुषों के संदेशों को जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि

कार्यक्रम के दौरान यह बात विशेष रूप से सामने आई कि महापुरुषों के विचार केवल मंचों तक सीमित न रहकर जन-जन तक पहुंचें और जीवन का हिस्सा बनें। संत रविदास जी द्वारा दिया गया समानता और सामाजिक समरसता का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

ऐसे आयोजन समाज को जागरूक करने और नई पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ने का माध्यम बनते हैं।

इस अवसर पर अमीरचंद छिपेश्वर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंकरलाल टांडेकर, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेश बोरकर,पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंकरलाल टांडेकर, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश उके, जनपद सदस्य ने नेकेद चौहान, सरपंच मोहगांव श्रीमती उर्मिला अशोक पटले, बिरसोला सरपंच विषेश बिसेन, सरपंच लोहमारा सुंदर बिन्झाडे,राजेंद्र चौहान, पूर्व सरपंच लोकचंद बिसेन, नादी सरपंच चैनलाल तुरकर, ब्लॉक अध्यक्ष संत शिरोमणि रविदास समिति जितेंद्र भोन्डेकर, जिला अध्यक्ष अमीरचंद छिपेश्वर, रविदास वाणी प्रचारक संजय पटले, सतीश बिंजाड़े, सुनील गोनेकर, राधेश्याम कन्नोजे,रामचंद्र मेश्राम, दलित मेश्राम, नरेंद्र मेश्राम, टेकचंद मनघटे, राधेश्याम कनोजे, दिलीप कुभरे, घनश्याम खरोले सहित अन्य अतिथिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आभार के साथ हुआ, जिसमें सभी ने संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने और समाज में एकता व भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।

# नपा परिषद मे मनोनीत पार्षदो ने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के निवास जाकर व्यक्त किया धन्यवाद..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***प्रदेश सरकार द्वारा नपा परिषद मे नियूक्त किये गये मनोनीत पार्षदो की सुची आते ही भाजपा मे पुन नये सिरे से उत्साह देखा जा रहा है।***







आज इन पार्षदो ने सबसे पहले पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के निवास पर जाकर विशेष सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित कर अपने दायित्व को पूर्ण निष्ठा व सक्रियता से निभाने का वादा भी किया। आज नवनियुक्त मनोनीत पार्षदो मे क्रमश गिरधारी चिमनानी, श्रीमती दिपलता देशमुख, मनोज लिल्हारे, मिथलेश बुरडे ने क्रमश गुडडा भैया के निवास पहुचकर मनोनयन के लिये गुडडा भैया का आभार भी व्यक्त किया। विशेष यह भी रहा की पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष पद को संभालने वाले भाई गिरधारी चिमनानी के मनोनयन पर पुरे समाज ने गुडडा भैया के घर आकर अपनी खुशी का अपनत्व के साथ इजहार किया। दूसरी ओर सवालो के जवाब मे मनोनीत पार्षदो ने अपने अपने वार्डो के साथ जनसामान्य की सभी तरह की समस्याओ को नपा परिषद मे उठाकर समाधान तक लेकर जाने की अपनी सक्रियता को प्रदर्शित किया है। गौरतलब है की प्रथक प्रथक समाज से युवाओ की इस टीम के मनोनयन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओ मे भी जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। जगह जगह स्वागत के साथ इन मनोनीत पार्षदो का सम्मान भी होता देखा जा रहा है।




# नपा परिषद ने विकास कार्यो के द्रष्टिगत नये वित्तिय वर्ष के लिये पेश किया भारी भरकम बजट

## नागरिकों को राहत देते हुये किसी भी प्रकार का अतिरिक्त कर का भार नही किया लागू..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नगर पालिका वारासिवनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026 27 के लिए नगर विकास को ध्यान में रख कर राशि रु ₹45,03,43,400 (पैंतालीस करोड़ तीन लाख तिरालिंस हजार चार सौ रुपये) का विकास बजट पारित किया गया है,***







जो नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है। इस बजट को परिषद की सामान्य बैठक मे सर्वसम्मती से पारित किया गया।

बैठक के उपरांत मिडिया के सवालो के जवाब मे नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे व मुख्य अधिकारी सुर्यप्रकाश उके ने बताया की वित्तिय वर्ष 2026-27 की अनुमानित आय 451990937 रूपये व अनुमानित व्यय 450343400 रूपये है। जिसमे 1647537 रूपये की बचत का प्रावधान है। अध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे के अनुसार बजट के आधार पर स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज व्यवस्था एवं आधारभूत संरचना को मजबूत किया जाएगा, जिससे नागरिकों को बेहतर एवं सतत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

साथ ही सड़कों एवं नालियों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था का विस्तार, हरित क्षेत्र (ग्रीन जोन) का विकास, जल संरक्षण, स्मार्ट नागरिक सुविधाएं एवं सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्गीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य इस बजट में सम्मिलित किए गए हैं। नगर के नागरिकों को राहत देने किसी भी प्रकार का अतिरिक्त कर का भार लागु नही किया गया है। एक सवाल पर श्रीमती दांदरे ने कहा की हमारा लक्ष्य है कि वारासिवनी को एक स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित एवं आधुनिक नगर के रूप में विकसित किया जाए, जहाँ प्रत्येक नागरिक को उच्च गुणवत्ता की मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हों। और सभी के सहयोग से हम निश्चित रूप से वारासिवनी को विकास की नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएंगे।

आज सामान्य बैठक मे कुछ प्रस्ताव भी सर्वसम्मती से पारित किये गये है। जिसमे वार्ड दो मे स्थित चैक का नामकरण शारदा चैक किया जाना शामिल है। वही सहायक राजस्व निरिक्षक राजेन्द्र बोकडे को कार्य मे लापरवाही बरतने के कारण संस्पैड किया गया है। इसी तरह नगर के रामपायली चैक मे सडक के दोनो ओर प्रकाश व्यवस्था के कार्य के पूर्ण होने के बाद कंटगी और लालबर्रा रोड पर नगर की सीमा तक सडक के दोनो ओर प्रकाश व्यवस्था कार्य को कराने के विषय मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। आज बैठक मे नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे के साथ उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शिव, संदीप मिश्रा,मदन धार्मिक, पवन धूर्वे, ललिता ठाकरे, रितू खरे, धर्मु जोशी, प्रवीण डोंगरे, मोनू लिमजे, दीपा रूसिया, डाली ऐडे, आशुतोष कोहाड के साथ अधिकारीयो की टीम सक्रिय नजर आयी।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्तमान एवं भविष्य की नवाचार संभावनाएँ विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा दिनांक 30 मार्च 2026 को ÷कृत्रिम बुद्धिमत्ता: वर्तमान एवं भविष्य की नवाचार संभावनाएँ÷ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का सफ्ल आयोजन किया गया।***



कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सीमा श्रीवास्तव, एआई कोर्स के नोडल अधिकारी डॉ. विनोद आड़े तथा कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. सी. एम. चौरे के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. मराठे ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ⁄ढ्ढ मानव बुद्धि की क्षमताओं को मशीनों के माध्यम से विकसित करने की प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि आज ⁄ढ्ढ केवल कंप्यूटर साइंस तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, बैंकिंग एवं अनुसंधान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रूप से उपयोगी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने ⁄ढ्ढ को वर्तमान समय की सबसे परिवर्तनकारी तकनीक बताया। वेबिनार के प्रथम मुख्य वक्ता श्री कौस्तुभ जुमले (रिसर्च एसोसिएट, एमिटी यूनिवर्सिटी, राजस्थान) ने शोध के क्षेत्र में ⁄ढ्ढ के उपयोग एवं प्रभावी क्कह्लशद्गश्चह्ल ष्ठद्गह्यद्बद्दठ्ठ के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सही तरीके से ⁄ढ्ढ टूल्स का उपयोग शोध कार्य को अधिक तेज, सटीक एवं प्रभावी बना सकता है। द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ. मुनेश ठाकरे (एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, बालाघाट) ने ⁄ढ्ढ और कोडिंग के व्यावहारिक उपयोग को लाइव उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि ⁄ढ्ढ और प्रोग्रामिंग का समन्वय जटिल समस्याओं के समाधान को सरल और तीव्र बनाता है तथा नवाचार के नए अवसर प्रदान करता है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एन.एम. कुरेशी, डॉ. सुप्रिया बिसेन, प्रो. अतुल मेश्राम, प्रो. रविशंकर मडावे, प्रो. द्विकल यादव सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वेबिनार का सफ्ल संचालन डॉ. सुप्रिया बिसेन द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रो. अतुल मेश्राम ने व्यक्त किया। इस वेबिनार ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आधुनिक तकनीकों की ओर प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# खनिज विभाग की अवैध रेत भंडारण पर की गई कार्रवाई..

## 150 ट्रॉली रेत जब्त कर नदी में वापस डाली गई..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में बालाघाट जिले में अवैध खनन के खिलाफसख्त अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में सोमवार,***



30 मार्च को ग्राम भटेरा में अवैध रूप से भंडारित रेत के खिलाफसंयुक्त कार्रवाई की गई। जिसमें खनिज विभाग, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमार कार्रवाई करते हुए करीब 150 ट्रॉली अवैध रेत को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान नियमानुसार उक्त रेत को पुनः नदी में डलवाया गया तथा रेत को नष्ट (मटिया मेट) करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई। उप संचालक खनिज सुश्री फ्रहत जहां ने बताया कि जिले में अवैध खनन और भंडारण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफसख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस सख्त कार्रवाई के बाद अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आगे भी ऐसे मामलों में बिना किसी ढिलाई के कार्रवाई जारी रहेगी।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी

मो. 7697505999



जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा



विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - 9329033433


# निर्माण इन्स्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने उड़ीसा राज्य के विभिन्न स्थलों का किया शैक्षणिक भ्रमण..









जगप्रेरणा लांजी।

*लांजी नगर में संचालित शैक्षणिक संस्था निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी लांजी के 70 छात्र-छात्राओ एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का दल*

इस वर्ष भी 5 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुये जिन्होने भारत के देश प्रमुख तीर्थ स्थल जय जगन्नाथ पुरी, भुवनेश्वर ओडिशा कोणार्क टेंपल, सहित समुद्र तट का विशेष शैक्षणिक भ्रमण किये। इस भ्रमण दल में 70 विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय के डायरेक्टर प्रणय कुमार, एवं शिक्षकीय दल में आकाश बाहें, मुस्कान बनवारी, दीक्षा बारेकर, प्रतीभा कचलाहे, शिवम रामटेककर, ज्योति मालेवार, सागर आसटकर, भानु प्रताप प्रजापति, देवेंद्र क्षीरसागर और कैलाश ब्रम्हपुरे शामिल रहे हैं। प्रस्थान समारोह की अध्यक्षता करते हुये संचालक प्रणय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण ज्ञानार्जन का सबसे जीवंत माध्यम है। पुस्तकीय शिक्षा से परे, यह यात्राएं विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, इतिहास और प्रकृति के साक्षात्कार का अवसर प्रदान करती हैं। उनके प्रेरक शब्दों ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार कर दिया। भ्रमण दल के द्वारा उक्त स्थलो के बारे में सुक्ष्मता से जानकारी हासिल की समय समय पर गाईड के द्वारा उन्हे तीर्थ स्थल, मंदिर एवं समन्दर के विषय में जानकारी दी गई। इस संपूर्ण स्थल की विशेषता अध्यात्म एवं विज्ञान से जुडी हुई जिसके बारे मे जानकारी हासिल करना अपने आप में एक अद्भुत विषय माना जाता है।

## भ्रमण दल ने हासिल की विशेष जानकारिया..

भ्रमण दल प्रसिद्ध पुरी में अरब सागर के तट पर स्थित गोल्डन बीच की मनोहारी छटा और श्री जगन्नाथ मंदिर की आध्यात्मिक भव्यता का साक्षात्कार कर जगन्नाथ पुरी का मुख्य प्रसाद पाकर सभी विधार्थी स्वयं को पुण्यभागी मान रहे है, जिसे 'संकुदी' भी कहते हैं। यह मंदिर के रसोईघर में मिट्टी के 7 बर्तनों में पकाया जाता है। इसमें चावल, दाल, सब्जी और खट्टे-मीठे व्यंजन (जैसे खाजा, रसबली) शामिल होते हैं। विशेष रूप से, भक्त इसे मंदिर परिसर (आनंद बाजार) में ही ग्रहण करते हैं। यह अनुभव विद्यार्थियों को भारतीय आस्था, स्थापत्य सौंदर्य और सांस्कृतिक गौरव की गहन अनुभूति कराया। ऐतिहासिक कोणार्क सूर्य मंदिर को 1984 में यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था। जिसमें गाइड के द्वारा ऐतिहासिक सूर्य मंदिर के स्थापत्य कला की संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। भ्रमण दल ओडीशा की राजधानी भुवनेश्वर पहुंचा जहां कलिंग वास्तुकला का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण लिंगराज मंदिर है और 180 फीट ऊंचे शिखर वाला, भगवान हरिहर (शिव और विष्णु का संयुक्त रूप) का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है। जिसके दर्शन कर सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात भ्रमण दल ने नंदनकानन अभ्यारण /चिडिया घर पंहुचे जहां दल ने सफेद बाघ के दीदार किये। नंदनकानन की यात्रा पर्यटकों के लिए एक सुखद अनुभव है। नंदनकानन के जंगलों में 67 प्रकार के स्तनधारी, 18 प्रकार के सरीसृप और 81 प्रकार के पक्षी देखे जा सकते हैं।

## दल को प्रदान किया मोमेन्टो..

जगनाथ पुरी में मन्दिर के पुजारी प्रमुख सेवायतः मधुसूदन सिंघारी। दैतापति (मुख्य सेवक): भवानी दास महापात्रा। प्रशासनिक प्रमुखः गजपति महाराजा दिब्यसिंह देबा (पुरी के राजा) मंदिर के मुख्य सेवक हैं जिन्होनें संस्थान को जग्गन्नाथ मंदिर का मोमेंटो प्रदान कर संपूर्ण विद्धार्थियो को आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी लांजी के 5 दिवसीय जगनाथपुरी ओडिशा के शैक्षणिक भ्रमण के सफ्ल आयोजन में संस्था के डॉयरेक्टर प्रणय कुमार ने बताया कि यह संस्थान का लगातार दूसरा वर्ष है। हमारा लक्ष्य रहता है कि हम विद्यार्थियों को देश के ऐसे अनेको ऐतिहासिक, धार्मिक एवं वैज्ञानिक धरोहर की पहचान करवाये जिससे आने वाले समय में या भविष्य में उन्हे भारतीय इतिहास, परंपराओं की जानकारी हो सके। आने वाले वर्षो में भी इस प्रकार के भ्रमण निरंतर जारी रहेंगे।

# टेड़वा में नवरात्र पर्व पर माता रानी की प्रतिमा स्थापित कर ग्रामीणों की आराधना

## झांकियां व धार्मिक कार्यक्रम रहे आकर्षण का केंद्र..







जगप्रेरणा लांजी।

लांजी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत टेड़वा के दुर्गा चौक में नवरात्री के पावन अवसर पर सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से नवीन दुर्गा माता मंदिर का निर्माण कर माता रानी की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठित की गई तथा संपूर्ण 9 दिवस धार्मिक अनुष्ठान के साथ साथ आध्यात्मिक श्रीमद देवी महापुराण का आयोजन 19 मार्च से लेकर 27 मार्च तक किया गया। 19 मार्च को श्रीमद देवी महापुराण कथा प्रारंभ की गई जो कथा का वाचिका सुश्री निकीता किशोरी जी के श्रीमुख से भक्तो ने कथा का रसपान किया। इस संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान के संबध में आयोजन समिति ने बताया कि सर्वप्रथम 19 मार्च को प्रातः 9 बजे से कलश शोभा यात्रा ग्राम भ्रमण, तथा रोजाना कथा का वाचन जिनमें 19 मार्च 2026 को माँ शैलपूत्री देवी कथा, 20 मार्च को माँ ब्रम्हचारिणी देवी कथा, 21 मार्च को माँ चन्द्रघंटा देवी कथा, 22 मार्च को माँ कुष्मान्डा देवी कथा, 23 मार्च को माँ स्कन्दमाता देवी कथा, 24 मार्च को माँ कात्यायनी देवी कथा, 25 मार्च को माँ कालरात्रि देवी कथा, 26 मार्च को माँ महागौरी देवी कथा। शुक्रवार 27 मार्च को माँ सिद्धीदात्री देवी कथा सुनाई गई। कथा का समापन 27 मार्च को हवन पूजन यज्ञ पूर्णाहूति कर महाप्रसाद वितरण कर किया गया। संपूर्ण आयोजन में मुख्य यजमान लोकराम जी बेदरे रहे।

## 21 मार्च को माता रानी प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठित..

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से ग्राम टेड़वा के दुर्गा चौक में माँ दुर्गा जी का नवीन मंदिर स्थापित किया जाकर माता रानी की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसमें 21 मार्च को विधि विधान माता रानी की प्रतिमा का ग्राम दर्शन करवाकर अन्नाधिवास, फलाधिवास, जलाधिवास, फुलाधिवास आदि संपूर्ण विधि पूर्ण कर प्रतिमा स्थापित की गई। संपूर्ण विधि कार्यक्रम यज्ञाचार्य पंडित प्रथम शर्मा वृंदावन, पंडित रोहित शर्मा उज्जैन, रोहित जोशी उज्जैन सहित सहयोगी के द्वारा पूर्ण की गई।

## महिला भक्तों का विशेष सहयोग..

संपूर्ण आध्यात्मिक श्रीमद देवी महापुराण एवं माता रानी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में ग्राम की महिला समिति एवं मण्डल, ग्रामीण महिला जनों के द्वारा विशेष सहयोग दिया गया। नवरात्रा के 9 दिवस ग्राम मे होने वाले इस विशेष आयोजन को लेकर सभी महिलाऐं उत्साहित थी महिलाओं ने विभिन्न व्यवस्थाओं को संभाला और पूरे कार्यक्रम में सुव्यवस्थित बनाने मे अहम योगदान दिया। संपूर्ण आयोजन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी नजर आई। सभी ने बढचढकर इस धार्मिक आयोजन में अपना सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफलता प्रदान की।

## आयोजन में इनकी रही अहम भूमिका..

ग्राम में आयोजित आध्यात्मिक श्रीमद देवी महापुराण एवं प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह में संपूर्ण ग्रामीण जनो ग्राम टेड़वा का विशेष योगदान रहा है साथ ही सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति टेडवा के संरक्षक प्रेम चंद दानी, अध्यक्ष डॉ प्रकाश बेदरे, उपाध्यक्ष रूपेंद्र खरखाटे सचिव पवन पारधी, कोषाध्यक्ष अशोक ठाकरे, सह सचिव कुलेश्वर खरखाटे एवं मुख्य यजमान लोकराम बेदरे, यजमान रामेश्वर खरखाटे, सदस्यो महेश बेदरे, बुधराम ठाकरे, विक्की कुथे, शिवा बेदरे, घनश्याम ढंडे, परमेश्वर खरखाटे, श्याम बेदरे, कृष्ण बेदरे, पवन बेदरे, विजय बेदरे, कपूर चंद ठाकरे, चंद्रशेखर दानी महेश्वर खरखाटे, दिनेश माईन्दे, महेश माईन्दे, दुर्गेश माईन्दे, मनोहर आठोडे, प्रद्युन झगराहे, प्रवीण नखाते, छोटू खरखाटे, महेश ठाकरे, झाडूलाल बेदरे, सचिन बेदरे, प्रदीप बेदरे, सत्यप्रकाश खरखाटे, प्रकाश देशमुख, सतीश नाकतोड़े, श्यामलाल नखाते, रामकिशन ठाकरे, अशोक बेदरे, सुभाष बेदरे, नामदेव ठाकरे, प्रहलाद बेदरे, लक्ष्मी चंद दानी दिलीप खरखाटे, टीकाराम ठाकरे, घनश्याम ठाकरे, ओम प्रकाश सिल्हारे, सूर्य किशोर बेदरे, विजय अग्रवाल, लिखीराम नाकतोड़े, रमेश पारधी, रविन्द्र नाकतोड़े, डॉ ललित बुराडे, संतोष नाकतोड़े, धनीराम नाकतोड़े, प्रकाश नाकतोड़े, कुणाल नाकतोड़े, शक्ति बेदरे, सुनील पंद्राम, मायाराम नखाते, वासुदेव बेदरे, यशवंत बेदरे, संतोष ठाकरे जगदेव बेदरे, विरेन्द्र बेदरे, अरुण मिश्रा, प्रदीप नाकतोड़े, राजेश ठाकरे, राजेंद्र आठोंडे, मनोज दरवरे, अशोक अथोड़े, सुखपाल नाकतोड़े, अमित नाकतोड़े, पैकराम नाकतोड़े सोहन अथोड़े, ज्ञानीराम दानी, धनीराम दानी, सुरेश दानी, सुमित दानी अनम दानी, महिला मंडल अध्यक्ष ममता खरखाटे, उपाध्यक्ष गीता माईन्दे, प्रीति बेदरे, उर्मिला बेदरे, सुशीला खरखाटे, जानवी बेदरे, किरण बेदरे, प्रिया ठाकरे, निकिता माईन्दे, पूजा पारधी, भावना दरवरे, ऊर्जा माईन्दे, नेहा खरखाटे, रानी खरखाटे, त्रिनाली दानी सहित समस्त ग्राम वासी ग्राम टेड़वा का विशेष सहयोग संपूर्ण अनुष्ठान मे रहा जो कि सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# मोहझरी में श्री हनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर 2 दिवसीय कार्यक्रम





जगप्रेरणा लांजी।

*क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत मोहझरी के श्री हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विशेष आयोजन स्थानीय समिति एवं ग्रामीण जनों के सहयोग से किया जा रहा है।*

दो दिवसीय इस जन्मोत्सव आयोजन में 1 अप्रैल को दिन बुधवार को श्री राम सीता लक्ष्मण हनुमान जी की झांकी ग्राम भ्रमण दर्शन करवाई जायेगी। दुसरे दिन 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सुबह 9 बजे से श्री हनुमान महाराज जी का अभिषेक पूजन किया जायेगा। दोपहर 3 बजे से श्री हनुमान चालिसा पाठ, शाम 5 बजे महाप्रसादी भंण्डारे का आयोजन तथा रात्रि 9 बजे संगीतमय सुन्दर काण्ड का आयोजन भी समिति एवं ग्रामीण जनो के सहयोग से किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मोहझरी के सरपंच श्रीमती मनीषा संतोष नाकतोड़े, पंच गण एवं राम भक्तो द्वारा समस्त धर्म प्रेमी गणो से उक्त आयोजन में उपस्थित होकर पूण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# भानेगांव अंचल में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान..

## रुप-रेखा जारी करने की मांग..



जगप्रेरणा लांजी।

*लांजी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत भानेगांव के ग्रामीण जन 30 मार्च को विद्युत वितरण केन्द्र कार्यालय ग्राम भानेगांव पंहुचे जहां उन्होने रोजाना हो रही अघोषित विद्युत कटौती से परेशान होकर कार्यालय का घेराव किया।*

समस्त उपस्थित ग्रामीण जनो के द्वारा कनिष्ठ अभियंता को एक लिखीत शिकायत प्रस्तुत की गई है जिसमें उन्होने ग्राम भानेगांव में हो रही विद्युत कटौती को लेकर बताया कि भानेगांव एक प्रमुख ग्राम है, जो आसपास के लगभग 25 गांवों से जुड़ा हुआ है। यहां के लोग बैंक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य ऑनलाइन सेवाओं के लिए इसी ग्राम पर निर्भर हैं। लेकिन बार-बार बिजली गुल होने से सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा, ग्राम पंचायत द्वारा संचालित नल-जल योजना भी बिजली पर निर्भर है, जिसके कारण सुबह के समय पानी आपूर्ति में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना बिजली के दैनिक जीवन के साथ-साथ आवश्यक सेवाएं भी ठप्प हो जाती हैं।

ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि बिजली कटौती का निश्चित समय सार्वजनिक किया जाए, ताकि लोग अपने कार्यों की योजना बना सकें। साथ ही अघोषित कटौती को कम करने की भी अपील की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके अन्यथा बिजली समस्या लेकर उग्र आंदोलन किया जायेगा।


### ग्राम पंचायत उमरी जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 30/03/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उमरी जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 30/03/2026 से 06/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
| --- | --- | --- |
| श्रीमती रंजना मंगरू लाल ढवरे | तिलकेश्वर पटले | यू.एस. भक्तवर्ती |

सहा. सचिव बंशपाल ठाकरे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत उमरी जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

### ग्राम पंचायत बोलेगांव जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 31/03/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नंदोरा जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 मे जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 31/03/2026 से 04/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
| --- | --- | --- |
| प्रतिमा अनिल भरतद्वाज | श्रीमती चित्ररेखा कालबेले | भुवन बापुरे |

सहा. सचिव - राजेंद्र बिहोने एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बोलेगाँव जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

### ग्राम पंचायत पाथरगांव जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 30/03/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पाथरगांव जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 30/03/2026 से 06/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा ।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
| --- | --- | --- |
| अरूण कबीरे | नरेन्द्र डोंगरे | रामचन्द नारनौरे |

सहा. सचिव रविशंकर मेश्राम एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत पाथरगांव जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

### ग्राम पंचायत नंदोरा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 31/03/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नंदोरा जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 मे जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 31/03/2026 से 04/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
| --- | --- | --- |
| श्रीमती नीलम बेंदरे | देवेंद्र नारनौरे | भिवराम पंचाले |

सहा. सचिव - मुकेश अवसरे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत नंदोरा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा
# साहित्य / अभिव्यक्ति
● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## आज फिर महावीर की ज़रूरत

आज जिस तरह से पूरी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है और खून-खराबा हो रहा है, उससे आज फिर महावीर स्वामी की जरूरत आन पड़ी है। उनके जिओ और जीने दो का संदेश आज फिर प्रासंगिक है। भगवान महावीर का जीवन करीब ढाई हजार साल से पूरी दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ा रहा है। पंचशील सिद्धान्त के प्रवर्तक और जैन धर्म के चैबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी अहिंसा के प्रमुख ध्वजवाहकों में हैं। जैन ग्रंथों के अनुसार 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ जी के मोक्ष प्राप्ति के बाद 298 वर्ष बाद महावीर स्वामी का जन्मे ऐसे युग में हुआ जहां पशु बलि, हिंसा और जाति-पाति का भेदभाव, अन्य अंधविश्वास और कुरीतियां थी। महावीर स्वामी ने दुनिया को ये बताया कि धर्म दिखावे की वस्तु नहीं है। धर्म कहीं बाहर नहीं बल्कि अंतरात्मा में होता है। भगवान महावीर सिर्फ जैनियों के ही नहीं हैं बल्कि जन-जन के हैं। भगवान महावीर की जयंती जन्म कल्याणक पर्व के रूप में मनाई जाती है। महावीर जन्म कल्याणक हर वर्ष चैत्र माह के 13 वें दिन मनाया जाता है।

हालांकि, महावीर स्वामी के जीवन को लेकर श्वेताम्बर और दिगम्बर जैनियों में कई तरह के अलग-अलग तथ्य हैं। महावीर या वर्धमान जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान ऋषभनाथ की परम्परा में 24वें जैन तीर्थंकर थे। वे अहिंसा के मूर्तिमान प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत था। बचपन में महावीर का नाम वर्धमान था। बाल्यकाल से ही यह साहसी, तेजस्वी, ज्ञान पिपासु और अत्यंत बलशाली होने के कारण महावीर कहलाए। भगवान महावीर ने अपनी इन्द्रियों को जीत लिया था, जिस कारण इन्हें जीतेंद्र भी कहा जाता है। महावीर स्वामी को और भी नामों से जाना जाता है जैसे अर्हत, जिन, निर्ग्रंथ, महावीर, अतिवीर आदि। इनके जिन नाम से ही आगे चलकर इस धर्म का नाम जैन धर्म पड़ा।

महावीर स्वामी का जन्म 599 ई.पू. (कुछ विद्वानों के अनुसार 540 ई.पू.) चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन बिहार राज्य के वैशाली के अन्तर्गत कुण्डग्राम नामक गाँव में हुआ था। भगवान महावीर की माता महारानी त्रिशला और पिता महाराज सिद्धार्थ थे। माता त्रिशला वैशाली के लिच्छवी वंश के राजा चेटक की बहिन थी। महावीर स्वामी के पिता सिद्धार्थ इक्ष्वाकु वंश के क्षत्रिय राजा थे। भगवान महावीर कई नामों से जाने गए उनमें वर्धमान, महावीर, सन्मति, श्रमण आदि हैं। महावीर स्वामी के भाई नंदिवर्धन और बहन सुदर्शना थी। बचपन से ही महावीर तेजस्वी और साहसी थे। शिक्षा पूरी होने के बाद इनके माता-पिता ने इनका विवाह राजकुमारी यशोदा के साथ कर दिया गया था। भगवान महावीर ने अपनी कठिन तपस्या से अपने जीवन को अनूठा बनाया। जन्म के बाद महावीर स्वामी का नाम वर्धमान रखा। कहा जाता है कि महावीर स्वामी अंतर्मुखी स्वभाव के थे, शुरुआत से ही उन्हें संसार के भोगों में कोई रुचि नहीं थी, परंतु माता-पिता की इच्छा के कारण उन्होंने बसंतपुर के महासामन्त समरवीर की पुत्री यशोदा के साथ विवाह किया, कहीं-कहीं लिखा हुआ यह भी मिलता है कि उनकी एक पुत्री हुई जिसका नाम प्रियदर्शना रखा गया था। कुछ विद्वानों के अनुसार यशोदा कलिंग नरेश की पुत्री थीं।

जैन शास्त्रों के अनुसार वैशाली नगरी के निकट कुण्डग्राम में राजा सिद्धार्थ अपनी पत्नी प्रियकारिणी के साथ निवास करते थे। इन्द्र ने यह जानकर कि प्रियकारिणी के गर्भ से तीर्थंकर पुत्र का जन्म होने वाला है, उन्होंने प्रियकारिणी की सेवा के लिए षटकुमारिका देवियों को भेजा। प्रियकारिणी ने ऐरावत हाथी के स्वप्न देखे जिससे राजा सिद्धार्थ ने भी यही अनुमान लगाया कि तीर्थंकर का जन्म होगा। आषाढ़, शुक्ल पक्ष की षष्ठी के अवसर पर पुरुषोत्तर विमान से आकर प्राणतेन्द्र ने प्रियकारिणी के गर्भ में प्रवेश किया। चैत्र शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी को सोमवार के दिन वर्धमान का जन्म हुआ। देवताओं को इसका पूर्वाभास था। अत सबने विभिन्न प्रकार के उत्सव मनाये तथा बालक को विभिन्न नामों से विभूषित किया। इस बालक का नाम सौधर्मेन्द्र ने वर्धमान रखा तो ऋद्धिधारी मुनियों ने सन्मति रखा। संगमदेव ने उसके अपरिमित साहस की परीक्षा लेकर उसे महावीर नाम से अभिहित किया।

महावीर स्वामी के माता-पिता की मृत्यु के पश्चात उनके मन में वैराग्य लेने की इच्छा जागृत हुई परंतु जब उन्होंने इसके लिए अपने बड़े भाई से आज्ञा मांगी तो भाई ने कुछ समय रुकने का आग्रह किया। तब महावीर ने अपने भाई की आज्ञा का मान रखते हुए 2 वर्ष पश्चात 30 वर्ष की आयु में वैराग्य लिया। इतनी कम आयु में घर का त्याग कर 'केशलोच' के पश्चात जंगल में रहने लगे। महावीर स्वामी के शरीर का वर्ण सुवर्ण और चिह्न सिंह था। इनके यक्ष का नाम ब्रह्म शांति और यक्षिणी का नाम सिद्धायिका देवी था। जैन धर्मावलंबियों के अनुसार भगवान महावीर के गणधरों की कुल संख्या 11 थी, जिनमें गौतम स्वामी इनके प्रथम गणधर थे। महावीर ने मार्गशीर्ष दशमी को कुंडलपुर में दीक्षा की प्राप्ति की और दीक्षा प्राप्ति के पश्चात् 2 दिन बाद खीर से इन्होंने प्रथम पारणा किया। दीक्षा प्राप्ति के बाद 12 वर्ष और 6.5 महीने तक कठोर तप करने के बाद वैशाख शुक्ल दशमी को ऋजुबालुका नदी के किनारे साल वृक्ष के नीचे भगवान महावीर को कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसके बाद उन्हें 'केवलि' नाम से जाना गया तथा उनके उपदेश चारों और फैलने लगे, बड़े-बड़े राजा महावीर स्वोमी के अनुयायी बनें। उनमें से बिम्बिसार भी एक थे। 30 वर्ष तक महावीर स्वामी ने त्याग, प्रेम और अहिंसा का संदेश फैलाया और बाद में वे जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर बनें और विश्व के श्रेष्ठ तीर्थंकरों में शुमार हुए। अपनी सभी इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर लेने की वजह से वे जितेन्द्रिय या 'जिन' कहलाए। जिन से ही जैन धर्म को अपना नाम मिला। जैन धर्म के गुरुओं के अनुसार भगवान महावीर के कुल 11 गणधर थे, जिनमें गौतम स्वामी पहले गणधर थे। तीस वर्ष की आयु में महावीर स्वामी ने पूर्ण संयम के साथ श्रमण बन गए। दीक्षा लेने के बाद महावीर स्वामी ने बहुत कठिन तपस्या की और विभिन्न कठिन उपसर्गों को समता भाव से ग्रहण किया। साधना के बारहवें वर्ष में महावीर स्वामी जी मेढ़िया ग्राम से कोशम्बी आए तब उन्होंने पौष कृष्णा प्रतिपदा के दिन एक बहुत ही कठिन अभिग्रह धारण किया। इसके पश्चात साढ़े बारह वर्ष की कठिन तपस्या और साधना के बाद ऋजुबालिका नदी के किनारे महावीर स्वामी जी शाल वृक्ष के नीचे वैशाख शुक्ल दशमी के दिन केवल ज्ञान-केवल दर्शन की उपलब्धि हुई। तभी से वे महावीर या जिन कहलाए। इनके जिन नाम से ही आगे चलकर इस धर्म का नाम जैन धर्म पड़ा। जैन धर्म में अहिंसा तथा कर्मों की पवित्रता पर विशेष बल दिया जाता है। भगवान महावीर अहिंसा और अपरिग्रह की साक्षात मूर्ति थे। वे सभी के साथ सामान भाव रखते थे और किसी को कोई भी दुःख देना नहीं चाहते थे।

महावीर को अर्हत, जिन, निर्ग्रंथ, महावीर, वीर, अतिवीर और सन्मती के नाम से भी जाना जाता है। वे महावीर स्वामी ही थे, जिनके कारण 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों ने 'जैन धर्म' का रूप धारण किया। भगवान महावीर के कार्यकाल को ईराक के जरथ्रुष्ट, फिलिस्तीन के जिरेमिया, चीन के कन्फ्यूसियस तथा लाओत्से और युनान के पाइथोगोरस, प्लेटो और सुकरात के समकालीन माना जाता है। महावीर स्वामी के उपदेशों से प्रभावित होकर बिम्बसार और चंद्रगुप्त मौर्य सहित अन्य राजा भी जैन धर्म के अनुयायी बने। भगवान महावीर ने अहिंसा को जैन धर्म का आधार बनाया, उन्होंने तत्कालीन हिन्दु समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था का विरोध किया और सबको समान मानने पर जोर दिया। उन्होंने 'जियो और जीने दो' के सिद्धान्त पर जोर दिया। तीर्थंकर महावीर अहिंसा और अपरिग्रह का जीवंत उदाहरण थे। भगवान महावीर ने अहिंसा, तप, संयम, पांच महाव्रत, पांच समिति, तीन गुप्ति, अनेकान्त, अपरिग्रह एवं आत्मवाद का संदेश दिया। महावीर स्वामी ने यज्ञ के नाम पर होने वाले पशु-पक्षी तथा नर की बली का पूर्ण रूप से विरोध किया। जैन धर्म के अनुयायियों के लिए उन्होंने पांच व्रत दिए, जिसमें अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह शामिल है, इसे पंचशील भी कहा जाता है। 527 ईसा पूर्व कार्तिक मास की अमावस्या को दीपावली के दिन महावीर स्वामी निर्वाण को प्राप्त हुए। निर्वाण के समय भगवान महावीर स्वामी की आयु 72 वर्ष की थी। बिहार के पावापुरी में उन्होंने अपनी देह का त्याग किया। भगवान महावीर की मृत्यु के दो सौ साल बाद, जैन धर्म श्वेताम्बर और दिगम्बर सम्प्रदायों में बंट गया। दिगम्बर सम्प्रदाय के जैन संत वस्त्रों का त्याग कर देते हैं, इसलिए दिगम्बर कहलाते हैं जबकि श्वेताम्बर सम्प्रदाय के संत श्वेत वस्त्र धारण करते हैं।

जैन धर्म के मानने वाले संसार को किसी की रचना नहीं मानते। उनका विश्वास था कि संसार अनादि-काल से है और अनन्त है। जैनी लोग ईश्वर के स्थान पर तीर्थंकरों की उपासना करते हैं। जैन धर्म आत्मा की एकता में विश्वास नहीं करता। उसके अनुसार जिस प्रकार जीव अलग-अलग होते हैं उसी प्रकार उनमें आत्मा भी अलग-अलग होती है। इस प्रकार जितने जीव हैं, उतनी ही आत्माएँ होंगी। जैन मतावलंबी कर्मवाद अर्थात् कर्मानुसार फल की प्राप्ति तथा पुनर्जन्म के सिद्धान्त को स्वीकार करते हैं। पिछले जीवन के कार्यों का फल भोगने के लिए मनुष्य का पुनर्जन्म होता है। पुनर्जन्म से छुटकारा पाना ही मोक्ष है। यह त्रिरत्न के पालन से सम्भव है। निर्वाण ही मनुष्य का अन्तिम उद्देश्य होना चाहिए क्योंकि निर्वाण वास्तविक सुख है। निर्वाण से मनुष्य जन्म-मरण के चक्कर से छुटकारा पा जाता है। महावीर के अनुसार जीव के भौतिक अंश का नाश हो जाना ही निर्वाण है। महावीर स्वामी का कहना है कि यदि मनुष्य तीन रत्नों के अनुसार आचरण करे तो वह कर्म के बंधन से छुटकारा पा सकता है। ये तीन रत्न हैं सम्यक श्रद्धा, सम्यक् ज्ञान, सम्यक् आचरण। सम्यक ज्ञान का अर्थ है पूर्ण सच्चा ज्ञान, सम्यक् आचरण का अर्थ सदाचरमय जीवन है और सत में विश्वास सम्यक् श्रद्धा है। इनके पालन से ही कैवल्य की प्राप्ति होती है। सत्य पर भी जैनियों ने जोर दिया। अस्तेय का अर्थ है आज्ञा के बिना किसी अन्य की वस्तु न लेना। अपरिग्रह का अर्थ है सांसारिक बस्तों से मोह तोड़ना, जहाँ तक हो सके अधिक वस्तुओं का संग्रह न करना। ब्रह्मचर्य का अर्थ है, इन्द्रियों को वश में करना। जैन धर्म में तप तथा व्रत का बड़ा महत्व है। जैनियों का विश्वास है कि मन-कर्म-वचन से व्रतों का पालन करना मोक्ष का साधन हैं। अहिंसा जैन धर्म का मूल मंत्र है। महावीर स्वामी ने कर्मकाण्ड को व्यर्थ बताया और विशुद्ध आचरण को मोक्ष प्राप्ति के लिए आवश्यक बताया। नैतिकता और सदाचार जैन धर्म की आधारशिला है।

लेखक



**मुस्ताअली बोहरा**
**अधिवक्ता एवं लेखक, भोपाल**

## दशा महा दशा

यह भी खूब है।
जब जयंती पर्व पर।
एक आदेश आता है।
मांस-मद की दुकान बन्द।
वाह गजब का आत्म प्रेम।
काश।
ऐसा हमेशा होता।
कमीशन बाजी, ब्याज बाजी।
बलात्कार, अत्याचार।
सब स्थाई रूप से भी।
बन्द करा दीजिए।
तभी तो जयंतियों का।
अत्यधिक महत्व होगा।
हमको मालूम है।
ऐसा होगा नहीं।
जिस दिन
ऐसा हो गया।
भूखे पेट
चले जाएगे।
धन्धा तो
धन्धा होता है।
ये खाओं
या वो खाओं।
स्वादिष्ट दोनों
होते है?

लेखक



**आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'**

**व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।*

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 82

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 | | 6 | ■ | 7 | | 8 | 9 | 10 | | ■ | 11 | | 12 | |
| 13 | | | ■ | 14 | 15 | | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | ■ | 21 | | | | 22 | ■ | | ■ | 23 | | ■ | 24 | 25 | | | | ■ | 26 |
| | ■ | 27 | | | | ■ | 28 | 29 | | | | ■ | 30 | ■ | 31 | | | ■ | 32 | |
| ■ | 33 | | | ■ | | ■ | 34 | | | ■ | | ■ | 35 | | | | ■ | 36 | | |
| 37 | | | ■ | 38 | | 39 | | | ■ | 40 | ■ | 41 | | ■ | | ■ | 42 | | | |
| | ■ | 43 | 44 | | ■ | 45 | | | ■ | 46 | 47 | | | 48 | | 49 | | | ■ | |
| 50 | 51 | | | ■ | 52 | ■ | | ■ | 53 | | | | ■ | 54 | | | | ■ | 55 | |
| ■ | 56 | | ■ | 57 | | | ■ | 58 | | ■ | | ■ | 59 | | | | ■ | 60 | | ■ |
| 61 | | ■ | 62 | | | ■ | 63 | | | ■ | | 64 | | | 65 | ■ | 66 | | | |
| | ■ | 67 | | ■ | 68 | 69 | ■ | 70 | | ■ | 71 | | | ■ | 72 | 73 | ■ | 74 | | ■ |
| 75 | 76 | | | 77 | ■ | 78 | | | | ■ | 79 | | ■ | 80 | | | | | | ■ |
| 81 | | ■ | 82 | | 83 | | ■ | 84 | | | ■ | 85 | 86 | | ■ | | ■ | | ■ | 87 |
| 88 | | ■ | | ■ | | ■ | 89 | | ■ | ■ | 90 | | | ■ | 91 | | 92 | ■ | 93 | |
| ■ | ■ | 94 | ■ | 95 | | ■ | 96 | | | 97 | ■ | 98 | | 99 | | ■ | 100 | 101 | | |
| 102 | | | | ■ | 103 | | ■ | | ■ | 104 | | | | | | ■ | 105 | | | |

ck;| l| nk;| !& 1) अपने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पिताजी का नाम 5) ओट में होना, सामने न आना 7) महाराष्ट्र के पांढूरना गांव में पोले के दिन आपस में पत्थर मारने का खेल 11) वेश्या 13) ढंग 14) चुराना 16) मधु 18) रिवाज 19) उम्र 20) कण 21) आचरण 23) विलाप करना 24) असफल 27) परिधान कराना 28) घुमक्कड़, जो अलग अलग गांवों में घुमते पर भी संतुष्ट रहता है 31) कामदेव 32) शरम 33) अशुद्ध, जो ठीक न हो 34) श्रीलंका की एक जाति या बोली 35) मां की मां की मां 36) एक जलचर प्राणी 37) विवाह विच्छेद 38) हमाल 41) व्यंगोक्ति 42) कार्य, करतूत 43) रवानगी 45) गाना, विशेष प्रकार का गीत 46) टालमटोल करना इस अर्थ का एक मुहावरा 50) छाया 53) पतंगा 54) अन्नजल 55) दफा 56) गमन करना 57) जेवर 58) बुद्धि 59) महक, वास 60) अच्छा 61) खंदक 62) सुडौल करना, बातें बनाना 63) निरक्षर 64) सज्जित करना, ठीक से रखना 66) प्रणाम, अभिवादन का एक शब्द 67) एक शिकारी पक्षी 68) पवित्र 70) समस्त, समग्र 71) अन्य 72) एक हिंस्त्र पशु 74) उम्र, आयु 75) चन्द्रमा 78) न्याय के अनुसार अवयव और अवयवी का अविच्छेद सम्बन्ध 79) जल रोकने का बांध, पुल 80) एक पुराने समाजवादी नेता जिन्होंने इन्दिरा गांधी को इलाहाबाद चुनाव क्षेत्र से पराजित किया था 81) धब्बा 82) सप्ताह का एक दिन 84) पाटलिपुत्र के राजा चन्द्रगुप्त के मन्त्री एवं अनेक नीति ग्रन्थों को रचनेवाले प्रसिद्ध मुनि जो कौटिल्य के नाम से प्रसिद्ध है 85) शरमाना 88) तरीका 89) गोद 90) सुंदर 91) छत्रपति शिवाजी महाराज को कोंडाना (आज का सिंहगढ़) किला जिताने का श्रेय जाता है वह वीर सरदार 93) दुर्ग 95) ब्राह्मण 96) महाभारत के युधिष्ठिर के लिए एक संबोधन 98) जंगल में लगनेवाली आग 100) सिंह 102) मेहमानों का सत्कार करनेवाला 103) जगह 104) यमलोक 105) गरीबों का त्राता

Åij l| uhp| !& 1) टकसाल में ढला हुआ रुपया 2) वास करना 3) आनंद, मनोविनोद, स्वाद 4) डर से स्तंभित होना 5) व्यभिचारिणी 6) नष्ट, ध्वंस 7) अंक, आंचल 8) पीटना 9) किसी वस्तु के खाने का स्वाद जो छः प्रकार का होता है 10) भेड़ का बच्चा 11) हवाई जहाज 12) रोजाना बिक्री की आमदनी 15) रचना करनेवाला, रचयिता 17) हड़ताल करनेवाला 19) आय, कमाई 21) इच्छा, चाह, प्रेम 22) हमारे एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री 23) अंग्रेजी की एक लिपी 25) इच्छा करना 26) जीवन निर्वाह 27) बड़े प्रेम से स्वागत करना इस अर्थ का एक मुहावरा 29) गन्ध निकलना, गन्धित होना 30) किसी व्यक्ति का दूसरा नाम 32) किसी वस्तु का उत्पादन करने में लगनेवाला खर्च 33) कंठ 36) मृत्यु होना 37) तड़फड़ाहट 38) बन्धु 39) एक वायु रोग 40) शूकर 41) रक्षा करना 42) कृति, टोटका 44) धाय, सेविका 47) खिड़की, झरोखा 48) रामकृष्ण परमहंस का नाम 49) माथा 51) शीतकाल में ओढ़ने की रुईभरी एक किस्म का मोटी चादर 52) बहन का सा सम्बन्ध 53) पतिव्रता स्त्री, सती 55) वेद व्यास का एक नाम 57) किला, दुर्ग 58) मन, वाणी, कर्म से (संस्कृत) 59) बेवकूफ, अनाड़ी 60) समान आयुवाला 61) आवभगत 62) एक त्वचा रोग 64) 'रामचरित मानस' के रचयिता 65) तुच्छ 67) बोली, वाणी 69) त्रुटि 71) इन्हें का एकवचन 73) कपड़े बुनने में लंबाई व चौड़ाई के फैलाये हुये धागे 76) संसार, विश्व 77) सूर्य 80) 'राणा' का अपभ्रंश 83) हिन्दू धर्म में वर्णित चार आश्रमों से एक आश्रम 86) जनरव, लोकनिन्दा 87) शानीद्वारा लिखा गया एक उपन्यास 89) दृष्टिहीन 91) तालाब 92) जीवित रहने की अवस्था, पानी 93) उपभोग कर्ता द्वारा दिया जानेवाला धन, भाड़ा 94) मक्के की प्रसिद्ध मसजिद या इमारत 97) जीत 99) ईसाई साध्वी (अं.) 101) बड़ी नदी (जबाब अगले अंक में)●

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | न | गि | न | त | ■ | स | न | स | ना | ह | ट | ■ | मे | ह | र | बा | न | ■ | दे | व |
| क | म | रा | ■ | क | स | म | ■ | रा | म | ज | न | म | ■ | ठी | ■ | रा | व | ण | ■ | ड़ |
| ल | ■ | ना | ज | ■ | मी | र | जा | फ | र | ■ | ट | ल | ना | ■ | क | म | ल | ■ | ला | वा |
| मं | दी | ■ | मा | सि | क | ■ | ली | ■ | ख | दा | न | ■ | ता | रा | म | ती | ■ | सु | म | न |
| द | वा | ई | ■ | त | र | फ | ■ | त | ना | व | ■ | ज | ■ | शि | ला | ■ | अ | स्त | ■ | ल |
| ■ | र | मा | र | म | ण | ■ | ह | ल | ■ | त | क | ली | फ | ■ | क | लं | क | ■ | ज | ■ |
| श | ■ | न | ■ | ग | ■ | क | र | त | ल | ■ | त | ल | ब | गा | र | ■ | ब | क | वा | स |
| व | श | ■ | ग | र | ज | मं | द | ■ | गा | ग | र | ■ | ना | ल | ■ | क | र | ■ | ह | रा |
| द | र | गा | ह | ■ | ■ | ड | म | ड | म | ■ | न | फा | ■ | व | जी | र | ■ | त | र | स |
| ह | द | ■ | ना | रि | य | ल | ■ | र | ■ | दि | ■ | ल | घु | ■ | त | क | रा | र | ■ | र |
| न | ■ | फ | ■ | या | म | ■ | आ | ना | ■ | न | र | के | स | री | ■ | म | ह | क | ना | ■ |
| ■ | ब | स | ■ | ज | न | वा | द | ■ | प्र | ■ | श्मि | ■ | ना | मा | कू | ल | ■ | श | प | थ |
| त | ह | ल | का | ■ | ■ | त | र | फ | दा | री | ■ | तो | ■ | ला | ल | ■ | लि | ■ | ना | का |
| स | न | ■ | म | ह | ल | ■ | स | रा | य | ■ | द्वा | ■ | अं | गू | र | ख | ट्टे | हैं | ■ | व |
| बी | ■ | नी | रो | ■ | च | म | त्का | र | ■ | बे | प | र | दा | ■ | ■ | ब | ■ | ■ | जा | ट |
| र | वि | ■ | को | र | क | स | र | ■ | ह | स | र | त | ज | य | पु | री | ■ | म | ति | ■ |

anumeya-08446302691

## विविध भाषा के महाकवि..!

१.संस्कृत
○ ○ ○ स

२. हिन्दी
○ ल ○ ○ ○

३. मराठी
मो ○ ○ ○

४. अंग्रेजी
○ ○ ○ ○ र

५. उर्दू
○ ○ ○ लि ○

६. पर्शियन
शे ○ ○ ○ क

## सू-डोकू- 82

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 6 | | 1 | | 3 | 2 |
| 2 | | 7 | | | 3 | 6 | | |
| 5 | | 6 | 2 | | 4 | | 7 | 1 |
| | 6 | | 1 | 3 | | 8 | | 4 |
| | | 5 | | | 8 | 2 | | |
| 1 | 8 | | 4 | 2 | 6 | | 5 | 3 |
| | 2 | | 5 | | | 1 | | |
| | 5 | 1 | | | 9 | 3 | 2 | 7 |
| 9 | | 8 | | 1 | 2 | 4 | | 5 |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

I Mkd 81 dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 2 | 9 | 1 | 3 | 8 | 4 |
| 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 7 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 3 | 6 | 7 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 6 | 9 |
| 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 8 | 7 | 5 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 3 | 5 | 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 8 |





# हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर मैच में विलियम्स के प्रदर्शन पर होगी भारत की नजरें..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय फुटबॉल टीम मंगलवार को यहां एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के अपने अंतिम और औपचारिक मुकाबले में हांगकांग का सामना करने उतरेगी तो ऑस्ट्रेलिया में जन्में रयान विलियम्स पर सबकी निगाहें होंगी।***



दोनों टीमें पहले ही अगले चरण में आगे बढ़ने की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में उनकी कोशिश जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आमने-सामने होने पर फीफा रैंकिंग अंक हासिल करने और भविष्य की तैयारियों को मजबूत करने पर होगी।

टीम का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन विलियम्स का बहुप्रतीक्षित पदार्पण भारतीय टीम के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है। यह मुकाबला एक दशक बाद शहर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल की वापसी का भी गवाह बनेगा। यह राज्य भारतीय फुटबॉल के प्रमुख केंद्रों में से एक है, जहां स्थानीय दर्शक हर स्तर के मुकाबलों में बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। हांगकांग के खिलाफमजबूत प्रदर्शन के साथ भारतीय टीम इस अभियान का सकारात्मक अंत करना चाहेगी। हाल ही में मुख्य कोच खालिद जमील और कुछ खिलाड़ियों को केरल फुटबॉल संघ द्वारा स्टेडियम मालिकों को अनिवार्य सुरक्षा जमा राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण प्रवेश से वंचित कर दिया गया था।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के हस्तक्षेप के बाद यह मामला सुलझ गया, लेकिन अब यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम अपने अंतिम मैच में कैसा प्रदर्शन करती है। अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहने की स्थिति में भारत जीत के बिना अभियान समाप्त करने की शर्मिंदगी से बचने के लिए पूरी ताकत झोंक देगा। बत्तीस साल के विलियम्स का जन्म पर्थ में हुआ था और वह मुकाबले में मैदान पर नजर आ सकते हैं। भारतीय फुटबॉल के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए उन्होंने 2025 के अंत में ऑस्ट्रेलियाई नागरिकता त्यागकर भारत का प्रतिनिधित्व करने का फैसला किया। उन्होंने अपनी 'एंग्लो-इंडियन' मां के जरिए पात्रता हासिल की जिनके पिता 1950 के दशक में बॉम्बे के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी रहे थे। विलियम्स 2023 में बेंगलुरु एफसी से जुड़ने से पहले इंग्लैंड में पोर्ट्समाउथ, फुलहम और ऑक्सफोर्ड यूनाइटेड जैसे क्लबों के लिए खेल चुके हैं, साथ ही ऑस्ट्रेलिया के पर्थ ग्लोरी का भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।


इस मैच में लालेंगमाविया राल्टे उर्फ 'आपुइया' भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। पंजाब एफसी के मिडफील्डर निखिल प्रभु के चोटिल होने के बाद आपुइया ने मिडफील्ड में खुद को मजबूती से स्थापित किया है। उन्होंने इस सत्र में मोहुन बागान के लिए शानदार प्रदर्शन किया है और अब वही फॉर्म राष्ट्रीय टीम के लिए भी दोहराने की कोशिश करेंगे। खालिद जमील ने इस मैच के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें सहल अब्दुल समद और आशिक कुरुनियन जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं।

एश्ले वेस्टवुड के कोचिंग में हांगकांग ने पिछले 12 मैचों में सिर्फ एक हार झेली है और वह क्वालीफायर में भारत पर पहले मिली 1-0 की जीत को दोहराना चाहेगा। यह मुकाबला शाम सात बजे से शुरू होगा।

# राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने के बाद मेरा लक्ष्य पावरप्ले का फायदा उठाने का था: सूर्यवंशी...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीते सत्र में ऐतिहासिक पदार्पण के बाद राजस्थान रॉयल्स के उभरते हुए प्रतिभाशाली बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का मौजूदा सत्र में लक्ष्य गेंदबाजों पर हावी होकर पावरप्ले में दबदबा कायम करना है।***




इस 15 साल के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने पिछले सत्र में सात मैचों में 252 रन बनाए थे। इसमें 35 गेंदों में जड़ा गया तूफानी शतक और 200 से अधिक का स्ट्राइक रेट शामिल था। इस तरह के आंकड़ों ने उन्हें भारतीय क्रिकेट का बड़ा सितारा बना दिया।

सूर्यवंशी का मानना है कि पावरप्ले में आक्रामक शुरुआत करने के बाद अब उनका लक्ष्य अपने विकेट की कीमत समझते हुए टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाना है, ताकि विरोधी टीम के लिए लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो जाए। उन्होंने 'जियोस्टार' से कहा, 'जब मेरा चयन हुआ, तो मेरा एकमात्र लक्ष्य टीम को अच्छी शुरुआत देना था। मैं पावरप्ले में अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहता था और अगर अच्छी शुरुआत मिलती, तो विकेट बचाते हुए लंबी पारी खेलना चाहता था।'

उन्होंने कहा, 'मुझे पता था कि अगर मैं अपने शॉट्स सही से खेलता रहूं, तो मैच का रुख पलट सकता है क्योंकि 200 से अधिक रन का पीछा करना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता। इस सत्र में हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। अगर हम ट्रॉफी जीतते हैं तो मेरा और टीम का प्रदर्शन अपने आप चर्चा में आ जाएगा और यही सबसे अहम है।' आईपीएल में सबसे कम उम्र में पदार्पण करने वाले खिलाड़ी सूर्यवंशी ने इसी साल अंडर-19 विश्व कप फाइनल में 175 रनों की धमाकेदार पारी भी खेली थी।

सूर्यवंशी ने यह भी बताया कि बचपन में जिन दो खिलाड़ियों से वह सबसे ज्यादा प्रेरित हुए, वे वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा और भारत के विश्व कप विजेता स्टार युवराज सिंह हैं। लारा अपनी मैच जिताऊ टेस्ट पारियों के लिए मशहूर रहे, वहीं युवराज सिंह अपने बेखौफ शॉट्स से गेंदबाज़ों की धज्जियां उड़ाने के लिए जाने जाते हैं।

उन्होंने कहा, 'मैंने ब्रायन लारा और युवराज सिंह, दोनों को अकेले दम पर मैच खत्म करते देखा है। अगर वे क्रीज पर टिक जाते थे तो विरोधी टीम के लिए वापसी का कोई मौका नहीं होता था। मुझे उनकी यही बात सबसे ज्यादा पसंद आई।'

सूर्यवंशी के बचपन के कोच मनीष ओझा ने बताया कि अकादमी में आने के समय उनकी सबसे खास बात उनका निडर, आक्रामक रुख और बेहतरीन टाइमिंग थी।

उन्होंने कहा, '2018 में जब वह अकादमी में आए, तभी साफ था कि उनमें प्रतिभा और क्रिकेट के प्रति गहरा जुनून है। उन्हें बल्लेबाजी के दौरान आक्रामक खेल पसंद था और उनकी टाइमिंग शानदार थी। हर सत्र में वह 400-500 गेंदें खेलते थे और तब तक नहीं रुकते थे, जब तक मैं उन्हें ब्रेक नहीं दूं।'

# वलंका अलेमाओ ने एआईएफएफ प्रमुख कल्याण चौबे पर उत्पीड़न के आरोप लगाए..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) सोमवार को विवादों में घिर गया, जब उसकी महिला समिति की प्रमुख वलांका अलेमाओ ने हालिया बैठक के दौरान अध्यक्ष कल्याण चौबे पर उत्पीड़न और डराने-धमकाने के आरोप लगाए। अलेमाओ एआईएफएफ की कार्यकारी समिति की सदस्य और आई-लीग क्लब चर्चिल ब्रदर्स की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भी हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि रविवार को नई दिल्ली में आयोजित कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान उन्हें 'टोकाटाकी और उत्पीड़न' का सामना करना पड़ा। कार्यकारी समिति के सदस्यों को लिखे पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि चौबे, उपाध्यक्ष एनए हारिस और उप महासचिव एम सत्यनारायण ने महिलाओं के फुटबॉल के प्रशासन से जुड़े मुद्दे उठाने के दौरान उनकी आवाज दबाने के लिए डराने वाला रवैया अपनाया और अपमानजनक टिप्पणियां कीं।

पत्र में अलेमाओ ने लिखा, 'मैं एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे, उपाध्यक्ष एनए हारिस और उप महासचिव एम सत्यनारायण के बेहद आपत्तिजनक व्यवहार को रिकॉर्ड में रखना चाहती हूं। मुझे गहरा पक्षपात महसूस हुआ और कई बार मेरी आवाज दबाने की कोशिश की गई।' उन्होंने आरोप लगाया, 'अध्यक्ष ने मेरे खिलाफ अनावश्यक और अपमानजनक टिप्पणियां कीं। उन्होंने और उप महासचिव ने बार-बार ऊंची आवाज में बात की, जिसका उद्देश्य मुझे डराना था। पूरी बैठक के दौरान मुझे लगातार निशाना बनाया गया।' ये आरोप एआईएफएफ और अलेमाओ के बीच पहले से चल रहे तनाव के बीच सामने आए हैं। अलेमाओ ने भारतीय महिला टीम के एशियाई कप अभियान के दौरान 'लगातार हुई गलतियों' के लिए जवाबदेही की मांग की थी, जिसमें लॉजिस्टिक्स और प्रबंधन से जुड़ी खामियां शामिल थीं। एआईएफएफ ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और

उल्टा अलेमाओ व उनके परिवार पर अपने क्लब चर्चिल ब्रदर्स को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में शामिल कराने के लिए 'लगातार दबाव' बनाने का आरोप लगाया। गोवा स्थित इस क्लब का नेतृत्व लंबे समय से उद्योगपति और राजनेता चर्चिल अलेमाओ करते रहे हैं। क्लब ने 2024-25 सत्र का आई-लीग खिताब जीतने का दावा किया था, लेकिन खेल पंचाट (सीएएस) के फैसले के बाद यह खिताब और आईएसएल में पदोन्नति इंटर काशी को दे दी गई।एआईएफएफने अपने बयान में कहा, 'महासंघ वलांका अलेमाओ द्वारा लगाए गए आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है और पारदर्शिता के हित में कुछ तथ्य सामने रखना चाहता है।'

बयान के अनुसार, आठ जनवरी से 15 फरवरी 2026 के बीच अलेमाओ और उनके परिवार के सदस्यों ने चर्चिल ब्रदर्स को विशेष प्रावधानों के तहत आईएसएल में शामिल कराने के लिए महासंघ पर दबाव बनाया, लेकिन नियमों और दायित्वों के चलते यह संभव नहीं था।

एआईएफएफने यह भी बताया कि छह जनवरी 2026 को सभी हितधारकों की मौजूदगी में आगामी आईएसएल सत्र में 14 टीमों और 91 मैचों के प्रारूप को मंजूरी दी गई थी, जिसे एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) से भी स्वीकृति मिली। इसके बाद अलेमाओ के परिवार के सदस्यों द्वारा कई कानूनी याचिकाएं दायर की गईं। एआईएफएफ के अनुसार, अलेमाओ ने कार्यकारी समिति की बैठकों के दौरान भी अपने क्लब को आईएसएल में शामिल कराने के लिए लगातार प्रयास किए।महासंघ ने बताया कि अलेमाओ के अनुरोध पर नौ फरवरी 2026 को आपात बैठक बुलाई गई थी, लेकिन कोरम पूरा नहीं होने के कारण बैठक नहीं हो सकी। इसके बाद 12 फरवरी को दोबारा बैठक हुई, जिसमें सभी सदस्यों की मौजूदगी में चर्चिल ब्रदर्स को आईएसएल में शामिल करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया।

# किलकारी संग विवियन डिसेना वापसी, दो महीने गायब रहने के बाद एक्टर ने दी खुशखबरी, दूसरे बेबी के लिए किया स्पेशल पोस्ट..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टेलीविजन जगत के मशहूर अभिनेता और 'बिग बॉस 18' के चर्चित कंटेस्टेंट विवियन डीसेना के फैंस के लिए एक बेहद स्पेशल खबर सामने आई है। विवियन और उनकी पत्नी नौरान एली ने अपने दूसरे बच्चे इस दुनिया में स्वागत किया है।***

लंबे समय से सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने के बाद, विवियन ने इस खुशखबरी को अपनी सोशल मीडिया फैमिली के साथ साझा किया और इसी के साथ ही उनका लंबा ब्रेक भी खत्म हुआ। अभिनेता ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक बेहद भावुक नोट लिखा, जिसमें उन्होंने बताया कि वह कुछ समय के लिए रडार से बाहर क्यों थे।

## मनोरंजन जगत से बधाइयों का तांता..

उन्होंने लिखा, 'कुछ कहानियों की घोषणा नहीं की जाती, उन्हें पहले जिया जाता है। खामोशी ने बहुत कुछ कह दिया... हमारा साम्राज्य अब और बड़ा हो गया है... और इस बार एक राजकुमार आया है।' विवियन ने अपनी इस पोस्ट के कैप्शन में केवल 'अल्हम्दुलिल्लाह' लिखकर ईश्वर का शुक्रिया अदा किया। इससे साफहो गया कि वो बेटे के पापा बने हैं। पहले ही वो एक बेटी के पिता हैं। जैसे ही विवियन ने पिता बनने की खबर साझा की, उनके कमेंट सेक्शन में बधाइयों और शुभकामनाओं की बाढ़ आ गई।

## रुबीना दिलैक का रिएक्शन



विवियन के इंडस्ट्री के दोस्तों ने उन पर जमकर प्यार बरसाया। मशहूर अभिनेत्री रुबीना दिलैक ने खुशी जाहिर करते हुए लिखा, 'ओह माय गॉड!

बहुत सुंदर... बधाई हो।' वहीं यामिनी मल्होत्रा और कॉमेडी क्वीन भारती सिंह ने भी लाल दिल वाले इमोजी के साथ कपल को इस नई शुरुआत के लिए ढेर सारी दुआएं दीं। विवियन के चाहने वाले इस खबर से बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि अभिनेता अपनी निजी जिंदगी को काफी गुप्त रखना पसंद करते हैं।

## विवियन और नौरान की प्रेम कहानी..

नौरान एली से पहले विवियन की शादी वाहबिज दोराबजी से हुई थी, लेकिन 2021 में कानूनी रूप से उनका तलाक हो गया। इसके बाद विवियन की जिंदगी में मिस्र की पूर्व पत्रकार नूरन एली आईं। दोनों ने साल 2022 में शादी की थी। इस जोड़े की पहले से एक बेटी है, जिसका नाम लयान विवियन डीसेना है। 'बिग बॉस 18' के दौरान विवियन ने अपनी और नौरान की पहली मुलाकात का एक दिलचस्प किस्सा साझा किया था। उन्होंने बताया था कि उनकी मुलाकात पूरी तरह से पेशेवर थी। नौरान को उनका इंटरव्यू लेना था, लेकिन विवियन ने उन्हें चार महीने तक इंतजार करवाया। तंग आकर नौरान ने उन्हें अनप्रोफेशनल तक कह दिया था, जिसके बाद विवियन ने तुरंत जवाब दिया और अगले 48 घंटों में इंटरव्यू तय हुआ। यहीं से उनकी बातचीत शुरू हुई और वे एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए।

## करियर का ग्राफ..

विवियन डीसेना भारतीय टेलीविजन के सबसे सफल अभिनेताओं में से एक रहे हैं। उन्होंने 'कसम से', 'प्यार की ये एक कहानी', 'मधुबाला-एक इश्क एक जुनून', 'शक्ति-अस्तित्व के एहसास की' और 'सिर्फतुम' जैसे सुपरहिट धारावाहिकों के जरिए घर-घर में अपनी पहचान बनाई है। इसके अलावा उन्होंने 'झलक दिखला जा 8' और 'फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी 7' जैसे रियलिटी शोज में भी अपनी जांबाजी और हुनर का प्रदर्शन किया है। वर्तमान में वे अपनी पितृत्व की खुशियों और परिवार के साथ समय बिताने का आनंद ले रहे हैं।

# प्रकाश राज पर टूटा दुखों का पहाड़, मां के निधन से बिखरे एक्टर, पवन कल्याण ने जताया दुख..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता प्रकाश राज की मां सुवर्णलता का रविवार सुबह बेंगलुरु स्थित उनके निवास पर निधन हो गया। वह 86 साल की थीं। उनका अंतिम संस्कार रविवार शाम को ही संपन्न किया गया।***

सुवर्णलता का जाना न केवल प्रकाश राज के परिवार के लिए, बल्कि उनके प्रशंसकों के लिए भी एक काफी दुखद क्षण है। इंडस्ट्री से लोग प्रकाश राज के साथ खड़ें हैं और उन्हें सांतवना दे रहे हैं।

## एक मां का संघर्ष और प्रकाश राज की प्रेरणा..

सुवर्णलता जी प्रकाश राज के जीवन का सबसे मजबूत स्तंभ थीं। अभिनेता ने अपने कई साक्षात्कारों में इस बात का जिक्र किया है कि उनका बचपन काफी संघर्षपूर्ण रहा था। उनके पिता के शराब की लत में डूबे होने के कारण घर की पूरी जिम्मेदारी उनकी माता के कंधों पर आ गई थी। उन्होंने अकेले दम पर न केवल घर चलाया, बल्कि अपने बच्चों को वह संस्कार और मजबूती दी, जिसने प्रकाश राज को आज इस मुकाम तक पहुँचाया है। एक अकेले वित्तीय और भावनात्मक लंगर के रूप में सुवर्णलता जी की शक्ति ने प्रकाश राज के व्यक्तित्व और उनके अभिनय कौशल पर अमिट छाप छोड़ी है। वे अक्सर अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां के उसी अटूट धैर्य और साहस को देते रहे हैं।

## राजनीतिक और सिनेमा जगत में शोक..



इस दुखद समाचार के मिलते ही सोशल मीडिया पर शोक संवेदनाओं का तांता लग गया। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण उन शुरुआती हस्तियों में शामिल थे, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से अपना दुख व्यक्त किया। पवन कल्याण के कार्यालय ने आधिकारिक संदेश साझा करते हुए लिखा, 'प्रसिद्ध अभिनेता प्रकाश राज की माता सुवर्णलता जी के निधन की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शाश्वत शांति मिले। मैं श्री प्रकाश राज गारू और उनके पूरे परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, जो इस समय अपनी माता को खोने के शोक में डूबे हैं।' प्रशंसकों और फिल्म जगत के साथियों ने भी इस कठिन समय में अभिनेता को संबल देने के लिए संदेश भेजे हैं।

## प्रकाश राज की लाइफ..

प्रकाश राज भारतीय सिनेमा के उन चुनिंदा अभिनेताओं में से हैं, जिन्होंने कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी फिल्मों में अपनी अमिट पहचान बनाई है। पांच बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुके प्रकाश राज ने 400 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है और उन्हें देश के सबसे बहुमुखी अभिनेताओं में से एक माना जाता है। सिनेमा के पर्दे से परे,

वे अपने मुखर सामाजिक कार्यों और सक्रियता के लिए भी जाने जाते हैं, जिसमें तेलंगाना के महबूबनगर जिले के एक गांव को गोद लेना भी शामिल है। हालांकि, सफलता के इस शिखर तक पहुंचने के दौरान उन्होंने कई व्यक्तिगत दुखों का भी सामना किया है। साल 2004 में उन्होंने अपने पांच वर्षीय बेटे सिद्धू को खो दिया था, जो उनके जीवन का सबसे बड़ा आघात था। अब 86 वर्ष की आयु में उनकी माता का निधन उनके जीवन का एक और दर्दनाक अध्याय है।

# हार्दिक पांड्या की गर्लफ्रेंड माहिका का बेटे के लिए दिखा प्रोटेक्टिव अंदाज, भीड़ के बीच किया कुछ ऐसा, बोले लोग- नई मम्मी का प्यार..

डेस्क जगप्रेरणा।

***IPL की शुरुआत हो चुकी है, फील्ड के साथ ही बाहर भी कई वायरल मोमेंट्स लोगों का ध्यान खींचने के लिए एक बार फिर तैयार हो रहे हैं। पहले ही दिन विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के लवी डवी मोमेंट ने सभी का ध्यान खीं और अब हार्दिक पांड्या की गर्लफ्रेंड और उनके बेटे अगस्त्य की चर्चा हो रही है।***

दोनों का एक वीडियो सुर्खियों में आ गया है। रविवार को मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच खेला गया जिसे देखने के लिए माहिका पहुंची थी। हार्दिक पांड्या की टीम मुंबई इंडियन्स की जीत के बाद वो बेटे अगस्त्य के साथ बाहर निकलती नजर आईं और पैप्स ने उन्हें घेर लिया।

## माहिका शर्मा ने अगस्त्य का रखा ख्याल..

सामने आए वीडियो में आप देख सकते हैं कि माहिका हार्दिक के बेटे अगस्त्य का हाथ थामे स्टेडियम से बाहर आती हैं। जैसे ही वो दिखते हैं पैपराजी उन्हें कैप्चर करने के लिए उनके काफी करीब आ जाते हैं,



भीड़ के बीच माहिका थोड़ा गुस्से में नजर आती हैं। इस बीच वो बेटे अगस्त्य को भीड़ से बचाती दिखती हैं। वो बच्चे को चेहरे पर पड़ रही फ्लैशलाइट से परेशान होता देखती हैं, जिसके बाद वो तुरंत ही उसके चेहरे को अपने हाथ से कवर करती हैं और उसे हग करती हैं। इसके बाद भी जब पैप्स पीछे नहीं हटते तो वो कहती हैं, 'प्लीज फ्लैश मत मारिए'। इसके बाद वो फिर कहती हैं, 'सर, हम अगस्त्य के साथ हैं, प्लीज थोड़ा साइड हो जाइए।'

## लोगों ने इस तरह किया रिएक्ट..

सामने आए इस वीडियो को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हो गए हैं। वो हार्दिक पांड्या की नई गर्लफ्रेंड और बेटे अगस्त्य की बॉन्ड को खासा पसंद कर रहे हैं। इतना ही नहीं वो उनके प्रोटेक्टिव अंदाज की भी जमकर तारीफकर रहे हैं।

एक शख्स ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'माहिका प्योर सोल हैं और वो अगस्त्य को काफी प्यार करती हैं।' एक और शख्स ने लिखा, 'माहिका बिल्कु मम्मी की तरह उसका खास ख्याल रख रही हैं।' एक अन्य इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा, 'लगता है माहिका और अगस्त्य के बीच अच्छी बॉन्डिंग है।'

एक और नेटिजन ने लिखा, 'अगस्त्य को नई मम्मी मिल गई है, जो काफी प्रोटेक्टिव और केयरिंग है।' इस तरह के कई और कमेंट्स से वीडियो का कमेंट सेक्शन भरा पड़ा है।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# पश्चिम एशिया में संघर्ष से उर्वरक संयंत्रों के लिए गैस की कीमतों में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी

नई दिल्ली, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण उर्वरक संयंत्रों के लिए अहम तत्व प्राकृतिक गैस की कीमतों में 60 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे सरकार पर सब्सिडी का बोझ बढ़ने की संभावना है।***

संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति लाइन में रुकावट आने से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति, इसकी मांग के मुकाबले 80 प्रतिशत तक सीमित हो गई है। प्राकृतिक गैस अमोनिया बनाने के लिए एक मुख्य तत्व है (और अमोनिया नाइट्रोजन-आधारित उर्वरकों का मूल तत्व है)।

इस कमी को पूरा करने के लिए, उर्वरक कंपनियां हाजिर या मौजूदा बाज़ार से तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीद रही हैं। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर एक अंतर-मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में उर्वरक विभाग की संयुक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने कहा कि देश के पास आने वाले खरीफ मौसम में कृषि मांग को पूरा करने के लिए उर्वरक का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

उन्होंने कहा, ''मौजूदा स्थिति एक संवेदनशील स्थिति है, जिससे हमने बहुत ही रणनीतिक तरीके से निपटा है।''

उन्होंने कहा कि खाड़ी क्षेत्र -- जो भारत की यूरिया की 20-30 प्रतिशत, डीएपी की 30 प्रतिशत और एलएनजी की 50 प्रतिशत ज़रूरतों को पूरा करता था -- अभी भी प्रभावित है, जिसके कारण एलएनजी, अमोनिया और सल्फर जैसी आदान की लागत में बढ़ोतरी हुई है, साथ ही माल ढुलाई का खर्च भी बढ़ गया है।



घरेलू यूरिया उत्पादन भी प्रभावित हुआ है। हालांकि, इसके प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि खरीफ 2026 के लिए उर्वरकों की कुल आवश्यकता लगभग 3.9 करोड़ टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले साल यह 3.61 करोड़ टन थी। उन्होंने बताया कि मौजूदा स्टॉक का स्तर लगभग 1.8 करोड़ टन है, जो पिछले साल इसी अवधि के 1.47 करोड़ टन से अधिक है। उन्होंने कहा कि अप्रैल और मई -- जो आमतौर पर कृषि के लिहाज़ से सुस्त महीने होते हैं -- का उपयोग बफर स्टॉक बनाने के लिए किया जा रहा है।

घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए, यूरिया संयंत्रों को गैस की आपूर्ति -- जिसे शुरू में घटाकर लगभग 60 प्रतिशत कर दिया गया था -- अब वैकल्पिक व्यवस्थाओं के माध्यम से बढ़ाकर 75-80 प्रतिशत तक कर दी गई है, जिससे उत्पादन बढ़ा है और उत्पादन में होने वाला नुकसान कम हुआ है। उन्होंने कहा कि कमी को हाजिर बाज़ार से एलएनजी खरीदकर पूरा किया जा रहा है।

उर्वरक संयंत्रों की हर दिन 5.2 करोड़ मानक घन मीटर गैस की ज़रूरत में से, लगभग 1.5 करोड़ मानक घन मीटर गैस हाजिर बाजार से खरीदी जा रही थी।

उन्होंने कहा कि हाजिर खरीदारी 19.5-19.6 डॉलर प्रति इकाई (मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट) की दर से की गई है, जबकि संकट से पहले के दौर में यह दर 11-12 डॉलर प्रति इकाई थी।

हालांकि, उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सरकार वैश्विक उतार-चढ़ाव के बावजूद किसानों को मौजूदा कीमतों पर उर्वरक उपलब्ध कराती रहेगी और कहा कि अभी कोई तत्काल कमी या घबराने की कोई वजह नहीं है।

फीडस्टॉक की ज़्यादा लागत से सब्सिडी का बिल बढ़ जाएगा, लेकिन किसानों को यूरिया 266 रुपये प्रति 45 किलोग्राम और डीएपी का 50 किलोग्राम का बैग 1,350 रुपये में मिलता रहेगा।

उन्होंने बताया कि 1.8 करोड़ टन के मौजूदा स्टॉक में से 62 लाख टन यूरिया, 23.3 लाख टन डीएपी और 56 लाख टन पी एंड के उर्वरक हैं।

आयात के मामले में, सरकार ने विविधता लाने और आपूर्ति सुरक्षित करने के प्रयास तेज़ कर दिए हैं। 13.07 लाख टन यूरिया के लिए एक वैश्विक निविदा जारी की गई है, जबकि सऊदी अरब और ओमान जैसे देशों के साथ लंबी अवधि के समझौते किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''खाड़ी देशों के अलावा अन्य देशों, जिनमें रूस, मोरक्को, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, जॉर्डन, कनाडा, अल्जीरिया और मिस्र शामिल हैं, से खरीद में विविधता लाने के लिए सक्रिय उपाय किए जा रहे हैं।''

उपलब्धता, उत्पादन, आयात और लॉजिस्टिक्स की वास्तविक समय के आधार पर निगरानी करने के लिए एक समर्पित कार्यसमूह और एक आपातकालीन 'वॉर रूम' स्थापित किया गया है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जमाखोरी, कालाबाज़ारी और गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए राज्यों के साथ समन्वय बढ़ाया गया है।

# निजी, गैर-वित्तीय कंपनियों की बिक्री 2024-25 में 7.8 प्रतिशत बढ़ीः आरबीआई आंकड़ां..

मुंबई, (भाषा)।

***चुनिंदा गैर-सरकारी गैर-वित्तीय (एनजीएनएफ) पब्लिक लि. कंपनियों की शुद्ध बिक्री में 2024-25 में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो इससे पिछले वर्ष 6.3 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को यह जानकारी दी।***



एनजीएनएफ पब्लिक लि. कंपनियों के वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की बिक्री वृद्धि 2024-25 के दौरान क्रमशः 6.3 प्रतिशत और 10.1 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह वृद्धि क्रमशः पांच प्रतिशत और 7.4 प्रतिशत थी। रिजर्व बैंक ने 2024-25 के दौरान एनजीएनएफ पब्लिक लि. कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन से संबंधित आंकड़े जारी किए हैं। ये आंकड़े उन 7,992 चुनिंदा कंपनियों के लेखापरीक्षा वाले वार्षिक खातों पर आधारित हैं, जिन्होंने 2022-23 से 2024-25 तक के तीन लेखा वर्षों के लिए भारतीय लेखा मानक प्रारूप में रिपोर्ट किया है।

आरबीआई ने कहा, ''सेवा क्षेत्र की बिक्री में वृद्धि मुख्य रूप से 'परिवहन और भंडारण सेवाओं' और 'सूचना और संचार' क्षेत्रों की बिक्री में विस्तार के कारण हुई है। बिक्री वृद्धि के अनुरूप, विनिर्माण व्यय में उच्च वृद्धि के कारण 2024-25 के दौरान परिचालन व्यय में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

लाभ के संबंध में, आरबीआई ने कहा कि कच्चे माल पर अधिक व्यय के कारण कुल व्यय में वृद्धि से परिचालन लाभ की वृद्धि दर 2024-25 में घटकर 8.4 प्रतिशत रही जो एक साल पहले 15.3 प्रतिशत थी।

केंद्रीय बैंक के अनुसार, ''गैर-परिचालन आय में मजबूती और कर व्यय में कमी के चलते 2024-25 के दौरान कर पश्चात लाभ में 23.1 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने विनिर्माण क्षेत्र (12.8 प्रतिशत) की तुलना में कहीं अधिक कर पश्चात लाभ वृद्धि (40.2 प्रतिशत) दर्ज की।''

आरबीई ने कहा कि 2024-25 के दौरान कुल कोष का 57.2 प्रतिशत आंतरिक स्रोतों से प्राप्त हुआ और यह स्रोत कोष का प्राथमिक चालक बना रहा। साथ ही, सकल अचल परिसंपत्तियों का निर्माण भी मजबूत बना रहा, जो 2024-25 के दौरान निधि के कुल उपयोग का 41.1 प्रतिशत रहा।




# रुपये 95 प्रति डॉलर के पार जाने के बाद संभला, 15 पैसे की बढ़त के साथ 94.70 पर हुआ बंद..

मुंबई, (भाषा)।

***रुपया सोमवार को दिन में कारोबार के दौरान अमेरिका मुद्रा के मुकाबले 95 के स्तर को भी लांघ गया लेकिन कारोबार के अंत में 15 पैसे की मजबूती के साथ 94.70 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।***



विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया संघर्ष के 31वें दिन में प्रवेश करने से बाजारों में अनिश्चितता बनी रही और रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। कारोबार के दौरान रुपये में 165 पैसे का उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.62 प्रति डॉलर पर खुला और फिर मजबूत होकर 93.57 प्रति डॉलर तक पहुंच गया जो पिछले बंद स्तर के मुकाबले एक रुपये 28 पैसे की बढ़त थी। यह मजबूती इसलिए आई क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिए एक दिन के लिए रखी जाने वाली 'नेट ओपन पोजिशन' की सीमा घटाकर 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर कर दी।

किसी बैंक या वित्तीय संस्था द्वारा विदेशी मुद्रा में की गई कुल खरीद और कुल बिक्री के बीच का अंतर 'नेट ओपन पोजिशन' कहलाता है।

रिजर्व बैंक ने 27 मार्च, 2026 को जारी अपने परिपत्र के माध्यम से बैंकों के लिए 'नेट ओपन पोजिशन' की सीमा 10 करोड़ डॉलर निर्धारित की थी, जिसका अनुपालन 10 अप्रैल तक अनिवार्य है। हालांकि, बाद में रुपया अपनी यह गति बरकरार नहीं रख सका और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले कारोबार के दौरान गिरकर सर्वकालिक निचले स्तर 95.22 पर आ गया। सोमवार के कारोबार के अंत में रुपया 94.70 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव 94.85 से 15 पैसे की बढ़त है।

शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89 पैसे की भारी गिरावट के साथ 94.85 पर बंद हुआ। सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक (एमडी) अमित पबारी ने कहा, ''रुपये की कमजोरी की मुख्य वजह वैश्विक परिस्थितियां हैं। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने की उम्मीदें कमजोर पड़ गई हैं, जिससे बाजार में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ गई है।''

उन्होंने कहा कि जब अनिश्चितता बढ़ती है, तो निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करते हैं। इससे अमेरिकी डॉलर मजबूत होता है, जबकि रुपये जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राएं कमजोर पड़ जाती हैं।

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत टूटकर 100.30 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 2.60 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 114.97 डॉलर प्रति बैरल पर था। घरेलू शेयर बाजार की बात करें तो सेंसेक्स 1,635.67 अंक टूटकर 71,947.55 अंक पर रहा, जबकि निफ्टी 488.20 अंक के नुकसान के साथ 22,331.40 अंक पर आ गया।


शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने सोमवार को शुद्ध आधार पर 11,163.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इस बीच, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में रुपया ठीक स्थिति में है।

28 फरवरी, 2026 को पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत के बाद से, रुपया 4.1 प्रतिशत टूटकर 27 मार्च, 2026 को 94.82 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच रत्न और आभूषण क्षेत्र को कुछ दायित्व पूरे करने के लिए 30 दिन और मिले..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने सोमवार को रत्न और आभूषण क्षेत्र को कुछ दायित्व पूरे करने के लिए 30 और दिन दिए हैं, ताकि उन्हें पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से निपटने में मदद मिल सके।***



यह क्षेत्र, रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए एक प्रमुख निर्यात गंतव्य है। पश्चिम एशिया का भारत के कुल रत्न और आभूषण निर्यात में लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है, जो इस वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान 26.2 अरब डॉलर का रहा।

इस उपाय का उद्देश्य अनुपालन आवश्यकताओं को आसान बनाकर और मौजूदा समय में आने वाली परिचालन कठिनाइयों को दूर करके निर्यातकों को सहायता प्रदान करना है।

पिछले महीने अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमले ने पश्चिम एशिया में हवाई और समुद्री माल की आवाजाही को प्रभावित किया है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा, ''पश्चिम एशिया में हाल के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के जवाब में एचबीपी-2023 के अध्याय 4 के तहत रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए सुविधाकारी प्रावधान शामिल किए गए हैं, और विशिष्ट श्रेणियों के लिए निर्यात व आयात (जैसा लागू हो) की अवधि को बिना किसी शुल्क या आवेदन की आवश्यकता के 30 दिन के लिए बढ़ाया जा रहा है।''

अध्याय 4 शुल्क छूट व माफी योजनाओं से संबंधित है। प्रमाणन व ग्रेडिंग उद्देश्यों के लिए आयातित हीरों के पुनः निर्यात, विदेशी खरीदार से प्राप्त कीमती धातुओं की आपूर्ति के बदले निर्यात, प्रदर्शनी उद्देश्यों के लिए विदेश ले जाए गए आभूषणों के पुनः आयात, नामित एजेंसियों के पास बुक किए गए सोने के मामलों में निर्यात, पूर्ण खरीद आधार या ऋण आधार पर प्राप्त सोने के संबंध में आभूषणों के निर्यात और पुनःपूर्ति आधार पर निर्यात के लिए समय सीमा को 30 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है।

इस छूट के तहत, प्रमाणन व ग्रेडिंग के लिए भेजे गए आयातित हीरों के पुनः निर्यात की अवधि को 90 दिन से बढ़ाकर 120 दिन कर दी गई है। विदेशी खरीदार द्वारा आपूर्ति के मामलों में निर्यात की अवधि को भी 90 दिन से बढ़ाकर 120 दिन कर दिया गया है।

सरकार ने विदेशों में प्रदर्शनियों के आयोजन या उनमें भाग लेने के लिए निर्यात किए गए रत्न और आभूषणों के पुनः आयात की अवधि को भी, मौजूदा लागू अवधि के अतिरिक्त, 30 दिन के लिए बढ़ा दिया है।

इन छूटों से इस क्षेत्र को सही समय पर मदद मिलने की उम्मीद है। इससे निर्यात करने वालों पर प्रक्रिया से जुड़ा दबाव कम होगा, निर्यात से जुड़े लेन-देन आसानी से पूरे हो पाएंगे और मौजूदा वैश्विक हालात की वजह से सामान की आवाजाही में हो रही देरी को दूर करने में मदद मिलेगी।

इस अतिरिक्त समय से कारोबार की निरंतरता बनी रहने और व्यापार में ज़्यादा निश्चितता आने की उम्मीद है।

यह भी साफ़ किया गया है कि निर्यात करने वालों को कोई अलग से आवेदन करने की ज़रूरत नहीं होगी, और न ही इस एक बार की राहत का फ़ायदा उठाने के लिए कोई शुल्क देना होगा।

सीमाशुल्क अधिकारियों को सलाह दी गई है कि वे संबंधित निर्यात व आयात लेन-देन को, जैसा भी लागू हो, संबंधित विवरणों के सत्यापन के बाद अनुमति दें।

इस कदम का स्वागत करते हुए, रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद के पूर्व चेयरमैन कोलिन शाह ने कहा कि यह इस क्षेत्र के लिए ऐसे समय में एक अच्छी राहत है, जब उन्हें पश्चिम एशियाई देशों में निर्यात करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि हालात जल्द ही बेहतर होंगे।''

# पीएसीएल घोटालाः ईडी ने निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए 15,000 करोड़ रुपये की संपत्ति सौंपी..

नई दिल्ली, (भाषा)।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने चंडीगढ़ स्थित पीएसीएल (पर्ल्स ग्रुप) के निवेश घोटाले में ठगे गए लोगों का पैसा लौटाने के लिए 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति एक विशेष समिति को सौंप दी है। यह संपत्ति उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायमूर्ति लोढ़ा समिति को सौंपी गई है ताकि पीड़ितों के बकाये का भुगतान किया जा सके।

करीब 48,000 करोड़ रुपये के इस कथित घोटाले में धनशोधन रोधक कानून (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने 455 अचल संपत्तियों को लौटाने का आदेश दिया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने एक बयान में बताया कि इन संपत्तियों का वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 15,582 करोड़ रुपये है।

धनशोधन रोधक कानून के तहत यह प्रावधान है कि धोखाधड़ी के शिकार लोगों, जैसे कि ठगे गए बैंक, जमाकर्ता और घर खरीदारों को उनकी संपत्ति या धन वापस लौटाया जा सकता है। अदालत का यह आदेश इसी नियम के तहत आया है। ईडी की यह जांच जुलाई, 2016 में शुरू हुई थी, जो सीबीआई द्वारा 2014 में पीएसीएल लिमिटेड और इसके दिवंगत प्रवर्तक निर्मल सिंह भंगू के खिलाफ दर्ज मामले पर आधारित थी। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर ही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यह प्राथमिकी दर्ज की थी। भंगू की अगस्त, 2024 में मृत्यु हो चुकी है। उच्चतम न्यायालय ने फरवरी, 2016 में बाजार नियामक सेबी को भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश आर एम लोढ़ा की अध्यक्षता में एक समिति बनाने का निर्देश दिया था। इस समिति का काम संपत्तियों को बेचकर निवेशकों का पैसा लौटाने की प्रक्रिया की निगरानी करना है।




जांच के अनुसार, पीएसीएल के आरोपियों ने खेती की जमीन की बिक्री और विकास के नाम पर पूरे भारत के लाखों निवेशकों से 60,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अवैध रूप से जुटाई थी। निवेशकों को किस्तों में पैसा जमा करने की भ्रामक योजनाओं का लालच दिया गया। ईडी ने बताया कि अधिकांश मामलों में निवेशकों को कभी जमीन नहीं दी गई और लगभग 48,000 करोड़ रुपये का भुगतान अब भी बकाया है।

मान्यता
ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के
स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# एकल संच के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, खेलकूद के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति..

जगप्रेरणा लांजी।

***एकल संच अभियान लांजी, अंचल जिला बालाघाट द्वारा वार्षिक उत्सव समारोह एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रविवार, 29 मार्च 2026 को किया गया।***







कार्यक्रम का आयोजन भारत माता स्कूल लांजी के ग्राउंड एवं सभागार में हुआ, जिसमें क्षेत्रीय एकल विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एकल संच अभियान के अध्यक्ष झंकार किरनापुरे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विशाल राऊत खोंगल, सचिव परमेश्वर कुथे तथा भारत माता स्कूल के संचालक गुलाबचंद बड़घैया की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

## खेलकूद प्रतियोगिता के परिणाम :

कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में सुलसूल टीम - प्रथम स्थान, बोरी खुर्द टीम - द्वितीय स्थान।बालिका वर्ग में घोटी टीम - प्रथम स्थान एवं परसवाड़ा टीम - द्वितीय स्थान।

दौड़ प्रतियोगिताएं में बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ : शुभम कारसर्पे बोरी - प्रथम, 200 मीटर दौड़ : रंजीत नागफासे पौसरा - प्रथम, 400 मीटर दौड़ : रंजीत नागफासे पौसरा - प्रथम, बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में दिव्या दमाहे बड़गांव - प्रथम, 200 मीटर दौड़ में निहारिका नगपुरे परसवाड़ा - प्रथम, 400 मीटर दौड़ में ओजस्वी बनोठे बापड़ी - प्रथम, कूद प्रतियोगिताएं में बालिका ऊंची कूद : उमा वाकडे घोटी - प्रथम, बालिका लंबी कूद में ओजस्वी बनोठे बापड़ी - प्रथम।

इसके अलावा बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें नृत्य, गायन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। बच्चों की इन प्रतिभाओं का भरपूर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दुर्गा रामटेककर, वीणा उपराड़े, श्यामा मुरकुटे, संतोषी लिल्हारे, लक्ष्मी किरनापुरे, हरेंद्र पटेल महिमेहरो, फणींद्र दुरूगकर, उमाकांत उपराड़े, सुभाष उरखेड़े, भानु प्रताप प्रजापति तथा एकल संच अभियान के सभी आचार्यगण उपस्थित रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन तथा सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। समारोह बच्चों के उत्साह और ऊर्जा से पूर्ण रहा।

# आईएफएफडी दिल्ली के सांस्कृतिक भविष्य को दिशा देने वाले आंदोलन की नींवः उपराज्यपाल

नई दिल्ली, (भाषा)।

दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत संधू ने यहां आयोजित अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव दिल्ली (आईएफएफडी) को राष्ट्रीय राजधानी और भारत को 'क्रिएटिव इकोनॉमी' का वैश्विक केंद्र बनाने की एक दृष्टि बताते हुए सोमवार को कहा कि यह समारोह राष्ट्रीय राजधानी के सांस्कृतिक भविष्य को दिशा देने वाले एक आंदोलन की नींव है। 'क्रिएटिव इकोनॉमी' एक ऐसी आर्थिक प्रणाली को संदर्भित करती है जहाँ रचनात्मकता, विचार, प्रतिभा और बौद्धिक कौशल मूल्य, आय और रोजगार के मुख्य स्रोत होते हैं।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, संधू ने कहा कि भारतीय मिट्टी में जन्मी कहानी दूर देशों के दिलों को छू सकती है और ऐसे मंच उन कहानियों को दुनिया तक पहुंचाने का सेतु बनते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आंदोलन की नींव है, जो दिल्ली के सांस्कृतिक भविष्य को दिशा देगा और भारत को वैश्विक रचनात्मक मानचित्र पर और सशक्त बनाएगा। उपराज्यपाल के मुताबिक, यह फ़िल्म महोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं है, यह दिल्ली और भारत को 'क्रिएटिव इकोनॉमी' का वैश्विक केंद्र बनाने की एक दृष्टि है।

उन्होंने फिल्मकारों से कहा, ÷आप सिर्फ रचनाकार नहीं, आप सांस्कृतिक दूत हैं। सिनेमा केवल फ्रेम्स और स्क्रिप्ट्स नहीं, यह साहस है, दृष्टिकोण है, और सच्चाई है।÷



बयान के मुताबिक, कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, ÷दिल्ली देश का हृदय है, एक ऐसा शहर जो इतिहास और आशाओं दोनों को अपने भीतर समेटे हुए है। यह फिल्म महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राजधानी की नई सांस्कृतिक पहचान को आकार देने का माध्यम है। सिनेमा में लोगों को जोड़ने, प्रेरित करने और सपनों को साकार करने की अद्भुत शक्ति है। यह मंच नए कलाकारों, फिल्म निर्माताओं और विशेष रूप से महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईएफएफडी दिल्ली को एक वैश्विक सांस्कृतिक और सिनेमाई केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस आयोजन को ÷ऑरेंज इकोनॉमी÷ और रचनात्मक उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सशक्त पहल बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव केवल सिनेमा का उत्सव नहीं, बल्कि संवाद, नवाचार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक जीवंत मंच है, जो दिल्ली को वैश्विक रचनात्मक केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। कार्यक्रम में फिल्म निर्देशक राकेश ओमप्रकाश मेहरा, अभिनेता अनुपम खेर, अभिनेत्री भूमि पेडनेकर, दिव्या दत्ता, अर्जन बाजवा सहित देश-विदेश की अनेक प्रतिष्ठित फ़िल्म हस्तियां उपस्थित रहीं। निर्माता-निर्देशक रमेश सिप्पी को 'शोले' के 50 वर्ष पूरे होने पर सम्मानित किया गया।

पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि आईएफएफडी में छह फ़िल्म परियोजनाओं को चयन किया गया, और इस महोत्सव से निकलने वाली तीन फिल्में आने वाले समय में पूरे देश में देखी जाएंगी। मिश्रा ने फ़िल्म जगत से जुड़े सभी लोगों से आग्रह किया कि देश में 100 करोड़ कमाने वाली फिल्में बनाने के साथ 100 करोड़ लोगों को जगाने वाली फिल्में भी बनाते रहें।

बयान के मुताबिक, कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में सम्मान प्रदान किए गए। फिल्म निर्देशक राकेश ओमप्रकाश मेहरा और आईएफएफडी प्रीव्यू कमेटी के प्रमुख सुनीत टंडन को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 'कैपिटल्स प्राइड' सम्मान के तहत गुणीत मोंगा, दिव्या दत्ता और भूमि पेडनेकर सहित कई प्रमुख हस्तियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# साकेत पब्लिक स्कूल का स्थानीय वार्षिक परीक्षाफल घोषित

जगप्रेरणा लांजी।

***नगर में संचालित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था साकेत पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल लांजी का सत्र 2025-26 परीक्षाफल 30 मार्च 2026 को प्रातः 10:30 बजे विद्यालय के मार्गदर्शक***







दामोदर मोरघड़े के मुख्यातिथ्य, प्राचार्य महेन्द्र कुमार दुरूगकर, प्रधान पाठक श्रीमती नेत्रेश्वरी डॉ किशोर सोनवाने की अध्यक्षता में एवं पालकों की गरिमामयी उपस्थिति में सर्वप्रथम माँ सरस्वती का पूजन अर्चन कर सरस्वती वंदना के पश्चात प्री.प्रायमरी से ग्यारहवीं अंग्रेजी माध्यम का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परीणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा एल.के.जी. (अ) में नितीका प्रदीप रामटेके 99.5 प्रतिशत से प्रथम, द्वितीय गौरवी पवन कुमार भण्डारकर 99 प्रतिशत, तृतीय सानिध्य ध्रुव कुमार गजभिये 98.5 प्रतिशत। एल.के.जी.(ब) अनया अजय कुमार कलपुरे 99.5 प्रतिशत से प्रथम, द्वितीय यशस्वी याना चेतन महेरबान 99 प्रतिशत, तृतीय आराध्या जितेन्द्र बोरकर 98.5 प्रतिशत। यू.के.जी. (अ) प्रांशी गगन सिंह गौतम 99.5 प्रतिशत से प्रथम, द्वितीय आरोही पंकज बागड़े 98.5 प्रतिशत, तृतीय विधि गिरवरदास नगपुरे 96 प्रतिशत। यू.के.जी. (ब) अब्दुला रहमान सैदुल्ला खान 99.5 प्रतिशत से प्रथम, द्वितीय जैश मनोज बड़घैया 99 प्रतिशत, तृतीय देशना दुर्गेश आसटकर 98.5 प्रतिशत।कक्षा पहली (अ) में वेदिका अभय कुमार आसटकर 99 प्रतिशत से प्रथम, द्वितीय ईशा विजय कुमार आसटकर 97.5 प्रतिशत, तृतीय गुंजन महेश्वर लॉजेवार 96.5 प्रतिशत । पहली (ब) ओजस अजय सोनवाने 98.25 प्रतिशत, द्वितीय आहना तुलसीराम यादव एवं खुशी ओमप्रकाश आसटकर 95 प्रतिशत, तृतीय रौनक सुनिल बंसपाल 93 प्रतिशत । दूसरी (अ) तनवी रामेश्वर चौरवाड़े 99.75 प्रतिशत से प्रथम, द्वितीय लिग्मी नंदकिशोर दशहरे 97.75 प्रतिशत, तृतीय समर्पण सुरेन्द्र सिंगाडे 96.5 प्रतिशत। दूसरी (ब) गरिमा आषिश बसोने 98.75 प्रतिशत, द्वितीय देवांशी राकेश नगपुरे 98 प्रतिशत, तृतीय वैश्विक नंदकिशोर डाहरे एवं तेजश मुकेश कुमार उपराड़े 97.25 प्रतिशत । तीसरी (अ) उन्नती ऋषि कंकरायने 97.8 प्रतिशत से प्रथम, द्वितीय अनामिका नरेन्द्र धुर्वे 95 प्रतिशत, तृतीय माइकल नारायण उरकुड़े 92 प्रतिशत। तीसरी (ब) पिहु ओमप्रकाश सोनवाने एवं अर्थव लिखेन्द्र उपराड़े 99.8 प्रतिशत से प्रथम, द्वितीय निव्यांश ध्रुव गजभिये 98.6 प्रतिशत, तृतीय शांतनु गिरधारी सोनवाने 95.6 प्रतिशत। चौथी (अ) कनंक दुर्गेश ऐड़े 98.2 प्रतिशत से प्रथम, द्वितीय कबीर विनोद नारनौरे 97 प्रतिशत, तृतीय यशस्वी प्रवीण सोनवाने 96.8 प्रतिशत। चौथी (ब) दिव्यांश एवकदास नगपुरे एवं सारंग संजय सिकन्दरपुरी 98.8 प्रतिशत प्रथम, द्वितीय सौम्या संदीप सिंकन्दरपुरी 97.8 प्रतिशत, तृतीय परी रविन्द्र सिंह एवं उत्सव हिमेन्द्र पिपरे 95.8 प्रतिशत। छटवी (अ) डॉली महेश्वर लॉजेवार 97.8 प्रतिशत से प्रथम, द्वितीय यश्वी कोमल प्रसाद ठाकरे 97 प्रतिशत, तृतीय मनाली राहुल सहारे एवं नमन श्रीराम नगपुरे 93 प्रतिशत। छटवी (ब) गुंजन कुलदीप सोनवाने 95.83 प्रतिशत से प्रथम, द्वितीय पलक उत्तम दहीकर एवं हुनर रामकुमार रहांगडाले 95.16 प्रतिशत, तृतीय शानवी अनिल उमरे 89.3 प्रतिशत। सातवी (अ) मिष्ठी खानेश मस्करे 96.33 प्रतिशत से प्रथम, द्वितीय आरूषी उमेश लिल्हारे 93.5 प्रतिशत, तृतीय सुहानी अशोक दशहरे 92.66 प्रतिशत। सातवी (ब) अर्जित नरेन्द्र ब्रम्हपुरे 97.5 प्रतिशत, द्वितीय महक हंसराज सोमनकर 94.16 प्रतिशत ,तृतीय ओमी राजकुमार मानकर 93.16 प्रतिशत। नवमी अंग्रेजी माध्यम में आराध्या जितेन्द्र बोरकर 98.16 प्रतिशत से प्रथम, द्वितीय खुशी राजेन्द्र कालबेले एवं वेदांश चंद्रकुमार सोनी 97.16 प्रतिशत, तृतीय अंश गणेश अरमरकर 96.33 प्रतिशत।

ग्यारहवी अंग्रेजी माध्यम में धानी गणेश अरमरकर 93.4 से प्रथम, द्वितीय खंनक सिद्धार्थ गजभिये 89.2 प्रतिशत, तृतीय युक्ता ज्ञानीराम पर्द्धे 86.8 प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम की घोषणा के पश्चात विद्यालय के संचालक संतोष मोरघड़े, प्राचार्य महेन्द्र कुमार दुरूगकर, प्रधान पाठक नेत्रेश्वरी डॉ किशोर सोनवाने, शिक्षक कोमल प्रसाद ठाकरे, किरण कुमार रामावत, निर्मल सिंह सोलंकी, थानेश बनोठे, प्रदीप रामटेके,सतेन्द्र मुरकूटे, शिक्षिका श्रीमती सुरभी संजय मिश्रा, मंजु कश्यप, भुनेश्वरी गव्हारे, ज्योति परिहार, संध्या बिल्हारे, लता मुरकूटे, मुक्ता सोमनकर, विनिता मोरघड़े एवं शाला परिवार द्वारा छात्र छात्राओं को बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकानाएँ प्रेषित किया।

## इन्हे भी किया सम्मानीत..

दिनांक 25 मार्च 2026 को राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा 5वीं एवं 8 वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमे आठवी मे रूद्रप्रताप सिंह राकेश महिमेहरों 90.66 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, अनुकृति राजेश कश्यप 90.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, नुपूर झनकार सिंह ठाकरे 90 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में पांचवी मे तिक्षा होमेश्वर पाड़े 89.25 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, वैश्णवी चंद्रकुमार सोनी 89 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, आराध्या गजेन्द्र ऐरपुड़े 88.75 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हे विद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह् प्रदान कर विद्यालय परिवार ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकानाएँ प्रेषित की है।

# झगड़े में बीच बचाव कराने पर खाना आपूर्ति करने वाले शख्स की चाकू घोंपकर हत्या..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***दक्षिण पश्चिम दिल्ली के मधु विहार इलाके में खाने की आपूर्ति करने वाले 32 वर्षीय कर्मी की तब कथित रूप से चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई जब उसने दो समूहों के बीच हो रहे झगड़े में बीच बचाव कराने की कोशिश की। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।***



अधिकारियों ने वारदात को सांप्रदायिक रंग न देने को कहा है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान मोहन गार्डन निवासी गोविंद झा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस घटना में तीन अन्य लोग - परवेश, अनीस और रोहित - चाकू के वार से घायल हो गए हैं और वर्तमान में अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, झा रविवार रात काम पर जा रहे थे तभी उन्होंने राजपुरी इलाके की एक सड़क पर झगड़ा होते देखा। इस झगड़े में दो पुरुष और तीन अन्य लोग शामिल थे।

अधिकारी ने बताया, ÷झा मौके पर रुक गए और झगड़े में हस्तक्षेप करने की कोशिश की। हाथापाई के दौरान, कथित तौर पर दो हमलावरों ने चाकू निकाले और तीनों व्यक्तियों - परवेश, अनीस और रोहित - पर वार करने लगे। जब झा ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उन पर भी हमला किया गया।÷

चारों घायलों को तत्काल पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान झा ने दम तोड़ दिया। बाकी तीन की हालत पर नजर रखी जा रही है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी घटना के बाद मौके से फ़रार हो गए और उनकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। कई टीमें तैनात की गई हैं और तलाशी अभियान जारी है।

इस बीच, द्वारका के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) कुशल पाल सिंह ने एक बयान में कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे कुछ संदेशों के माध्यम से घटना को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ÷घटना में कोई सांप्रदायिक पहलू नहीं है। गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।÷

डीसीपी ने कहा, ÷इस घटना में चाकू लगने से घायल हुए चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई और बाकी तीन का इलाज हो रहा है। पीड़ित अलग-अलग समुदायों से हैं और आरोपियों ने चारों पीड़ितों को चाकू मारकर इस अपराध को अंजाम दिया।÷ बयान में कहा गया है कि द्वारका पुलिस मामले की जांच कर रही और आरोपियों की तलाश जारी है।

पीड़ित के भाई ने आरोप लगाया कि उसके सीने में चाकू से वार करने के तीन घाव थे। चार अन्य लोगों पर भी इसी तरह हमला किया गया था। गोविंद को पहले दो अज्ञात लोग एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसे छोड़कर वे चले गए। पीड़ित के भाई धीरज झा ने आरोप लगाया, ÷हमें बताया गया कि इलाज शुरू होने से पहले वह 15 से 20 मिनट तक बाहर पड़ा रहा।÷ उन्होंने बताया कि जब तक परिवार वहां पहुंचा, गोविंद की मौत हो चुकी थी।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**



9284744867
9112026507
7006748047
मराठा स्पोर्ट्स
T-shirt
Lower
Short
Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुल मरारटोली, गोंदिया

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा ग्रामीण
तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत अलग-अलग कॉम्पिटिशन में स्टूडेंट्स का ज़बरदस्त रिस्पॉन्स

## सैकड़ों स्टूडेंट्स ने भाषण, निबंध और पेंटिंग कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया..



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान ग्राम पंचायत डिपार्टमेंट, स्वच्छ भारत मिशन और एजुकेशन डिपार्टमेंट के साथ मिलकर सालेकसा हाई स्कूल***

व कनिष्ठ महाविद्यालय सालेकसा में तालुका लेवल के भाषण, निबंध और पेंटिंग कॉम्पिटिशन ऑर्गनाइज़ किए गए। तालुका के लगभग हर स्कूल के स्टूडेंट्स ने इन सभी कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया और इस पहल को ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला।

कॉम्पिटिशन का उद्घाटन ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर संजय पुरी ने किया। एजुकेशन एक्सटेंशन ऑफिसर बी ओ ठाकरे की गाइडेंस में ऑर्गनाइज़ किए गए ये कॉम्पिटिशन दो ग्रुप में हुए। पहला ग्रुप 6 **th** से 8 **th** क्लास तक पढ़ने वाले लड़के और लड़कियों के लिए था, जबकि दूसरा ग्रुप 9 **th** से 12**th** क्लास तक पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए था। भाषण प्रतियोगिता में ग्रुप 6 से 8 के लिए टॉपिक-1. मेरा गांव - साफ़गांव 2. गांव-लेवल पर इंस्टीट्यूशनल एम्पावरमेंट और ग्रुप 9 से 12वीं क्लास के लिए टॉपिक। 1. डेवलप्ड हैप्पी विलेज 2. क्लीन ग्रीन - हेल्दी विलेज। 3. सोशल जस्टिस। इनमें से किसी एक टॉपिक पर बोलना था। इस प्रतियोगिता में ग्रुप 6 से 8 में रिधिमा चौधरी को पहला स्थान मिला, जबकि अनुज दिलीप मडावी को दूसरा, मीनल राउत को तीसरा, स्मृति बोहरे को चौथा और विशाखा खोबरागड़े को पांचवां स्थान मिला। ग्रुप 9 से 12 में प्राजक्ता मुनेश्वर को पहला, रितिका टेंभरे को दूसरा, सिम्पी सुलाखे को तीसरा और पूजा माछिरके को चौथा और सुनैना पवार को पांचवां स्थान मिला। निबंध प्रतियोगिता में, कक्षा 6 से 8 के लिए दिए गए विषय थे 1. जलवायु परिवर्तन और ग्रामीण जीवन पर इसका प्रभाव 2. लोगों की भागीदारी - श्रमदान के माध्यम से लोगों का आंदोलन, जबकि कक्षा 9 से 12 के लिए दिए गए विषय थे 1. डिजिटल गाँव और भविष्य के अवसर, 2. सशक्त पंचायतें। इसमें, समूह 6 से 8 तक नीलिमा पंधरे पहले, श्रुति येले दूसरे, भावना चिंधलोरे तीसरे, राजश्री घरत चौथे और नव्या बिसेन पांचवें स्थान पर रहीं। समूह 9 से 12 तक, मनीषा बहेकार पहले, वैष्णवी बहेकर दूसरे, सुमित्रा अंबुले तीसरे, रूपेश दासारिया चौथे और प्रियांशी मेश्राम पांचवें स्थान पर रहीं। क्लास 6 से 8 के लिए पेंटिंग कॉम्पिटिशन के सब्जेक्ट थे। 1. नेचर पिक्चर (हमारे गांव से जुड़ा)। 2. एनवायरनमेंट-फ्रेंडली गांव जबकि क्लास 9 से 12 के लिए सब्जेक्ट दिया गया था 1. पेड़ बचाओ - धरती बचाओ 2. मेरा गांव - साफ गांव। इसमें, ग्रुप 6 से 8 में मन्नत साखरे पहले, तमन्ना सहारे दूसरे, नयन तुरकर तीसरे, विद्या मडावी चौथे और सौरभ चौधरी पांचवें स्थान पर रहे। 9 से 12 ग्रुप में हिमानी जामदल पहले, श्रेयस सहारे दूसरे, आरजू चिंधलोरे तीसरे, आरुषि बहेकर चौथे और अंकुश पुंगड़े चौथे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार 2000, द्वितीय पुरस्कार 1500, तृतीय पुरस्कार 1000, चतुर्थ पुरस्कार 750 और पाचवा पुरस्कार 500 इन सभी कॉम्पिटिशन में प्रो. विजय मानकर, प्रो. गणेश भदाड़े, प्रो. राकेश रोकड़े, प्रो. उमेश वलथारे और एस के बागले जज थे। प्रोग्राम को सफल बनाने में स्पेशल टीचर संदीप इंगले और प्रतीक बोंद्रे ने अहम रोल निभाया।

## तिरोडा में रेत माफियाओ का खुला खेल..

# पांजरा क्षेत्र में सात ब्रास अवैध रेत का भंडार जब्त, कार्रवाई संदेह के घेरे में..

**जगप्रेरणा लक्ष्मीनारायण दुबे तिरोडा।**



***तहसील में अवैध रेत उत्खनन का मुद्दा दिन-ब-दिन गंभीर होता जा रहा है और रेत माफिया बेखौफ होकर सक्रिय हैं। पांजरा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जमा की गई***

लगभग सात ब्रास अवैध रेत मिलने से प्रशासन की कार्यक्षमता पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। हाल ही में गुरुवार 26 मार्च को गट क्रमांक 485 में महसूल विभाग ने निरीक्षण किया। इस दौरान लगभग सात ब्रास रेत का अवैध भंडार पाया गया। हालांकि यह रेत किसकी है और कहां से लाई गई, इस बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी, जिससे मामले में संदेह और बढ़ गया है। सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जप्त रेती का पंचनामा कर सरकारी डिपो में जमा कर दिया।


### गंभीर सवाल..

तिरोडा में अवैध रेत कारोबार पर होती कार्रवाई भी अब संदेह के घेरे में है। क्योंकि तिरोडा तहसील में अवैध रेत परिवहन खुलेआम जारी होने से प्रशासन की भूमिका पर सवालिया निशान हैं।

हाल ही में महसूल विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के बाद स्थानीय नागरिकों और जागरूक लोगों ने कई अहम मुद्दे सामने रखे हैं। लोगों का कहना है कि जब अवैध रेत परिवहन लंबे समय से जारी था, तो प्रशासन पहले ही सक्रिय क्यों नहीं हुआ? कार्रवाई घटना के बाद ही क्यों की जाती है, पहले रोकथाम के उपाय क्यों नहीं किए जाते? केवल एक टिप्पर जब्त करने से क्या यह समस्या खत्म हो जाएगी या यह सिर्फ दिखावटी कार्रवाई है? ऐसे कई सवाल उठ रहे हैं। इस पूरे मामले में यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर अवैध रेत कारोबार को किसका संरक्षण प्राप्त है—क्या इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों या किसी राजनीतिक दबाव की भूमिका है? जानकारों के अनुसार, रोजाना हो रही रेत चोरी से शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, लेकिन इसकी जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही है। साथ ही यह भी सवाल उठ रहा है कि पुलिस और महसूल विभाग की कार्रवाई वास्तव में प्रभावी है या केवल कागजों तक सीमित है। जप्त किए गए वाहनों पर आगे क्या कार्रवाई होती है, क्या वास्तव में दंड वसूला जाता है या मामले ठंडे बस्ते में डाल दिए जाते हैं—इस पर भी स्पष्टता नहीं है। अवैध रेत माफियाओं पर सख्त आपराधिक मामले दर्ज न होने से उनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा बार-बार शिकायतें करने के बावजूद बड़े स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं होना प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है। ऐसे में यह भी सवाल उठता है कि क्या शासन के पास इस समस्या से निपटने के लिए कोई ठोस और दीर्घकालीन नीति है, या दिखावे के लिए केवल छापामार कार्रवाई कर मामले को दबा दिया जाता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इन सवालों का जवाब किस तरह देता है और अवैध रेत कारोबार पर लगाम लगाने के लिए और क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

# देवरी में पहली बार मचेगा शतरंज का रोमांच, भव्य 'ओपन चेस टूर्नामेंट 2026' का आयोजन..

## 25 हजार से अधिक नकद पुरस्कार और 85 ट्रॉफी की होगी बौछार; पंजीकरण शुरू



**जगप्रेरणा देवरी।**

ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में शतरंज के खेल के प्रति रुचि पैदा करने और उनकी सुप्त प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से, देवरी शहर में पहली बार भव्य 'ओपन चेस टूर्नामेंट 2026' का आयोजन किया गया है। देवरी चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता रविवार, 12 अप्रैल 2026 को स्थानीय आफताब मंगल कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

यह प्रतियोगिता 'शिक्षक मित्र परिवार' और 'आफताब ब्रदर्स, देवरी' के विशेष सहयोग से संपन्न हो रही है। विशेष बात यह है कि यह टूर्नामेंट आधिकारिक मुख्य निर्णायकों **(Chief Arbiter)** की देखरेख में खेला जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को एक अनुशासित खेल का अनुभव मिलेगा।

### विभिन्न आयु वर्गों के लिए अवसर..

यह प्रतियोगिता न केवल अनुभवी खिलाड़ियों के लिए है, बल्कि छात्रों और गृहिणियों सहित सभी के लिए खुली है। आयोजकों ने खिलाड़ियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित वर्ग निर्धारित किए हैं: **ओपन कैटेगरी:** (सभी के लिए खुला) आयु वर्ग: अंडर 15, 13, 11 और 9 **पुरस्कारों की भरमार-** प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए 25,000 रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार और 85 आकर्षक ट्रॉफी व मेडल रखे गए हैं। इसके अतिरिक्त, स्थानीय प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष श्रेणियां भी बनाई गई हैं।

### बोले आफताब शेख..

बेस्ट देवरी (पुरुष)। बेस्ट देवरी (महिला)। बेस्ट टीचर (शिक्षक)। 'ग्रामीण क्षेत्रों में शतरंज के प्रति जुनून पैदा करना, छात्रों की एकाग्रता और बौद्धिक क्षमता विकसित करना और उभरते खिलाड़ियों को एक उचित मंच प्रदान करना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।'

### पंजीकरण का विवरण

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क मात्र 100 रुपये निर्धारित किया गया है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 अप्रैल है। पंजीकरण लिंक: **https Ñ// forms. gle/Z3ChzX-ubqGPX7aii6** पेमेंट विकल्प: 9404029505 **(GPay/ PhonePe) UPI IDÑ viveksargar@oksbi** आयोजकों ने अपील की है कि देवरी क्षेत्र के अधिक से अधिक शतरंज प्रेमी इस स्वर्ण अवसर का लाभ उठाएं और अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें।

# देवरी में 'जय महावीर' के जयघोष की गूंज:

## भगवान महावीर जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया..



**जगप्रेरणा देवरी।**

अहिंसा परमो धर्म और 'जियो और जीने दो' का शांतिपूर्ण संदेश देने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव सोमवार को देवरी शहर में बड़े उत्साह और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। 'त्रिशला नंदन वीर की, जय बोलो महावीर की' जैसे जयकारों से पूरी देवरी नगरी गूंज उठी।

### पूजा-अर्चना और ध्वजारोहण..

सोमवार सुबह स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तड़के से ही श्रद्धालुओं की मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी। भगवान महावीर की मूर्ति पर अभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना की गई। अभिषेक एवं शांतिधारा प्रियम गिरीश जैन द्वारा, जबकि धर्म ध्वजारोहण अण्विक अंकुर जैन (राजिम) के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर जैन समाज के सभी भाई-बहन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### भव्य शोभायात्रा..

पूजा के पश्चात शहर में भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। फूलों से सजे रथ में भगवान महावीर की प्रतिमा विराजमान की गई थी। जब यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी, तो पूरा वातावरण 'महावीरमय' हो गया। शोभायात्रा में पुरुष श्वेत वस्त्रों में और महिलाएं पीले पारंपरिक परिधानों में शामिल हुईं। महिलाओं द्वारा गाए गए भजन और युवाओं का जोशपूर्ण जयघोष इस शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण रहे।

### समाज का व्यापक उत्साह..

इस जन्मोत्सव समारोह में देवरी के सकल जैन समाज के बंधुओं ने अपने व्यापारिक संस्थान बंद रखकर उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से निकाली गई इस शोभायात्रा ने नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया। जगह-जगह यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

'भगवान महावीर के विचार आज भी दुनिया को शांति का मार्ग दिखाने वाले हैं। उनके विचारों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए इस महोत्सव का आयोजन किया गया था।' ऐसा दिगंबर जैन समाज के सदस्यों ने कहा।

# महुआ दे रहा हजारों को रोजगार: सुबह से शुरू होता है महुआ चुनने का कार्य,बेचकर कमाते हैं अच्छी आमदनी

**जगप्रेरणा गणेश भदाडे आमगांव।**



ग्रीष्मकाल शुरू होते ही वनों में पतझड़ शुरू हो गया है. तथा लोग महुआ फूल के लिए खेत तथा वन में जाकर चुनने का कार्य करते हैं। महुआ का पेड़ बहुउपयोगी माना जाता है। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में पीला सोना कहे जाने वाला महुआ फूल टपकना शुरू हो गया है। महुआ फूल समेटने ग्रामीण पूरे परिवार के साथ सुबह से ही खेतों और जंगलों की ओर चले जाते हैं। गर्मी का मौसम आते ही महुआ के पेड़ों पर महुआ के फूल लग जाती है। महुआ फूलों को सुखाकर ग्रामीण छोटे व्यापारियों को बेच देते हैं. जिससे ग्रामीणों को अच्छी आमदनी हो जाती है. कम समय में अच्छा उत्पादन मिलता है. महुआ का फुल एक प्रमुख वन उपज खेती है.खेतों और जंगलों में महुआ के पेड़ बड़ी संख्या में पाए जाते हैं. ग्रामीणों की मांग है की महुआ के गुणो को देखते हुए प्रशासन द्वारा शराब के अलावा पौष्टिक खाद्य सामग्री उत्पाद तैयार करने की योजना बनाया जाए.ऐसा होने से क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के अनेक द्वार खुल सकेंगे और क्षेत्र में समृद्धि और महुआ से अवैध शराब निर्माण में भी कमी आएगी. तथा रोजगार मिलने से पलायन भी कम होने लगेगा. महुआ के फूलों को दिनभर एकत्रित कर सुखाया जाता है,और फिर सूखी हुई फूलों को बाजार में बेच देते हैं. ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में इस काम में जुटे हुए हैं. कई लोगों के लिए महुआ बिना लागत का मुनाफा का सौदा साबित हो रहा है. बाजार में 3000 से 3200 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से महुआ फूल बिक रहा है.

### औषधि गुणों से है भरपूर

महुआ के हर हिस्से में विभिन्न पोषक तत्व मौजूद होते हैं. ग्रामीण क्षेत्रों में इन पेड़ों से तेल, बीज,फूल और लकड़ी उपयोग में लिया जाता है. ग्रामीण लोग महुआ पत्तों से पत्तल बनाया जाता है तथा शादियों में इसका उपयोग किया जाता है.महुआ का प्राचीन काल में गर्भवती महिलाओं को प्रसव के बाद राब बनाकर खिलाया जाता था. इस कारण कुपोषण रोकने के लिए यह फूल अधिक कीमती है. इसके अलावा उपलब्ध होने वाले किसी भी फल से अधिक जीवनसत्व इस महुआ फूल से मिलता है। दरअसल महुआ में औषधीय गुण भरपूर होते हैं। इतना ही नहीं महुआ से जैन और सरबत भी बनाया जाता है। गावो मे कच्चे फलों की सब्जियां बनाई जाती है जिसे लोग बड़े चाव से खाते हैं। पक्की हुई फलों का गुदा खाने में मीठा होता है,जिसकी रोटीया भी बनाई जाती है.महुआ के फूलों से शराब बनाई जाती है इसे संस्कृत में महावी और ग्रामीण क्षेत्रों में ठर्रा करते हैं। महुआ की शराब देश की अनेक ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासी भागों में बहुत ही लोकप्रिय किया है. यह शराब पूरी तरह से रसायन(केमिकल) से मुक्त होती है. महुआ का धार्मिक महत्व भी है। इससे गोंदिया, भंडारा, गडचिरोली और चंद्रपुर जिले में विकास के लिए नए आयाम स्थापित हो सकते हैं।

### खरीदी केंद्र खोलने का प्रस्ताव

वर्तमान विधायक संजय पुराम ने इस दिशा में कुछ अथक प्रयास जरूर किए थे.उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र मे जाम और शरबत बनाने स्थानीय स्तर पर एक छोटी फैक्ट्री स्थापित करने की दिशा में प्रयास किया,इतना ही नहीं वर्ष 2014 के दौरान गोंदिया वन विभाग की ओर से सरकार को एक प्रस्ताव भी भेजा गया था, जिसमें धान खरीदी की तर्ज पर महुआ की खरीदी की जाए ऐसी प्रस्ताव दिया गया, लेकिन प्रस्ताव लाल फितासाही में उलझ कर रह गया, दरअसल प्रस्ताव इसलिए मंजूर नहीं हो सका क्योंकि पूर्व विदर्भ की जनप्रतिनिधियों का समर्थन नहीं मिल सका था, क्योंकि नागपुर के संतरे से शराब निकालने वाली कंपनी इसके खिलाफ थी और पूर्व विदर्भ के जनप्रतिनिधि भी इस मुद्दे को अधिक तवज्जो देने केंद्र खिलाफ थे इसलिए यह प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया, परंतु अब संजय पुराम के पुन विधायक बनकर आने से इस ओर जनता की निगाहें और अधिक बढ़ गई है।

# आमगांव नगर परिषद में सफाई कर्मियों का वेतन को लेकर आंदोलन..



### न्यूनतम वेतन की मांग..

**जगप्रेरणा आमगांव।**

***नगर परिषद आमगांव के सफाई कर्मचारियों ने न्यूनतम वेतन लागू करने और बकाया वेतन का भुगतान करने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है।***

नगर परिषद कर्मचारी संघटना द्वारा मुख्याधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पहले ही चेतावनी दी गई थी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि नगर परिषद में कार्यरत करीब 35 सफाई कर्मियों को बेहद कम वेतन दिया जा रहा है, जिससे उनका जीवन-यापन करना कठिन हो गया है।

कर्मचारियों ने कई बार लिखित और मौखिक रूप से अपनी मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि शासन के नियमों के अनुसार उन्हें न्यूनतम वेतन लागू किया जाए और उनके पिछले वेतन की बकाया राशि तत्काल अदा की जाए। बार-बार मांगों की अनदेखी से कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

इसी के चलते 30 मार्च 2026 से नगर परिषद कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई थी। मांगें पूरी न होने के कारण आज से कर्मचारियों ने आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। कर्मचारियों ने प्रशासन से जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर उन्हें न्याय देने की मांग की।

# गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

## मोहफुल चुनने की बात पर चलाया चाकू, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/3/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान रेंगेपार मे फर्यादी धनराम श्रीराम कोकोडे उम्र 41 वर्ष निवासी रेंगेपार जंगल मे रोज की तरह मोहाफुल चुनने गया था। जहा आरोपी ने आकर कहा तु यहा क्यो आया मै यहा मोहाफुल रोज चुनता हु बोलकर झगडा किया और सब्जी काटने के चाकु से हाथ पर मारकर जखमी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 154/2026 धारा 118,1,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा राऊत 1524 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

## ट्रक के चपेट मे आने से युवक की मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत ॲसीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/3/2026 के 11 बजे के दरम्यान हरदोली राष्ट्रीय महामार्ग पर ट्रक आयसर कंपनी का मॉडल 1109 के चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर मनिष उदाराम जनबंधु उम्र 32 वर्ष निवासी हरदोली को टक्कर मारी गंभीर जख्मी होने से उसकी मौत हो गई। वाहनचालक घटना स्थल से फरार होने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 156/2026 धारा 281,125, अ, ब,106,1, भान्यास 2023 सहकलम 184,134, अ, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा वानखेडे 1184 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

## मकान की बात पर दो भाईयो मे हुई मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के केशोरी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/3/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान दिनकर नगर मे फर्यादी विपुल विजय डाकुआ उम्र 40 वर्ष निवासी दिनकरनगर और आरोपी दोनो सगे भाई होकर घटना के समय फर्यादी पिता के रूम की सफाई कर रहे थे। जहा आरोपी भाई ने आकर कहा तु क्यो सफाई कर रहा है ये रूम मेरी है तु यहा आना मत बोलकर झगडा किया। और लोहे की सलाख से नाकपर मारकर जख्मी किया गाली-गलौच करते हुवे यहा दिखा तो जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे केशोरी मे अपराध क्रमांक 66/2026 धारा 118,1,351,1,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा प्रेमदास होळी 2121 पोस्टे केशोरी कर रहे है।

## मछली ठेकेदार की करंट लगने से हुई मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/3/2026 के दोपहर 1 बजे के दरम्यान ग्राम भर्रेगाव तलाव मे हिवराज शंकर दिघोरे उम्र 50 वर्ष निवासी भर्रेगाव मछली पालन ठेकेदार होकर घटना के समय मछली पकड़ने के लिये पानी रोकने के लिये खेत के बिजली बोर्ड के पास गया सर्विस वायर चालु करते समय उसकी करंट लगने से मौत हो गई। फर्यादी मोहण शंकर दिघोरे उम्र 55 वर्ष के बयान पर पोस्टे देवरी मे अकस्मात मौत क्रमांक 10/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा हिवराज परसमोडे 1136 पोस्टे देवरी कर रहे है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# भगवान महावीर का क्या संदेश, जियो और जीने दो..

## गोंदिया मे सकल जैन समाज द्वारा निकाली गई भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर भव्य शोभायात्रा..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिगम्बर जैन समाज ट्रस्ट मंडल, श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ, श्री जैन श्वेताम्बर स्थानकवासी संघ के संयुक्त तत्वाधान में सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव चार दिवसीय कार्यक्रमों के तहत धुमधाम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 4 दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत 28 मार्च से शुरु की गई, वहीं आज 30 मार्च को भव्य शोभायात्रा निकाली गई।***




भगवान श्री महावीर जन्म कल्याणक उत्सव समिति के तत्वाधान में आज 30 मार्च दिन सोमवार को श्री दिगम्बर जैन मंदिर से भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा सुबह 9.36 बजे दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस दिगम्बर जैन मंदिर पहुंची। संपूर्ण मार्ग पर जोर शोर से सकल जैन समाज धर्मावलम्बियों ने जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्मः के नारे लगाकर शांति, करुणा, और अहिंसा व प्रेम का संदेश दिया। शोभायात्रा में बैंडबाजों की धुन पर नाचते गाते बड़ी संख्या में सकल जैन समाज बंधु पुरुष, महिला, बच्चे, युवा सभी शामिल हुए। 30 मार्च दिन सोमवार को ही दिगम्बर जैन मंदिर में श्री जी का महाभिषेक कार्यक्रम 11.51 बजे से प्रारंभ हुआ, तथा दोपहर 12.11 बजे से जैन कुशल भवन में स्वामी वात्सल्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी प्रकार शासकीय अस्पतालों में मरीजों को दोपहर 3 बजे से फल वितरण किया गया तथा शाम 7 बजे से तीनों ही मंदिरों में भव्य महाआरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### व्यापारी एसोसिएशन ने किया शोभायात्रा का भव्य स्वागत..

गौरतलब है कि तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव की शोभायात्रा में अनेक संगठनों ने शोभायात्रा का पेय जल एवं अन्य सेवाओं के साथ स्वागत कियां इसी क्रम में गोंदिया जिले की व्यापारियों की संस्था गोंदिया जिला व्यापारी एसोसिएशन के सदस्यों ने रजत विमान में विराजमान भगवान महावीर स्वामीजी की प्रतिमा की आरती उतारी तथा श्रीफल अर्पित करते हुए भक्ति श्रद्धा भाव अर्पित किये। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष संजय जैन, सचिव राजेश्वर कनौजिया, महासचिव नारी चांदवानी, एवं राजा ईसरका के साथ सुनील अग्रवाल, रवि मूंदड़ा, आनंद अग्रवाल, अंकित हत्तीमारे, आयुष जैन, संदीप जैन, वीरेंद्र नागभिरे, अजय खण्डेलवाल, रवि लधानी, अशोक अग्रवाल, अभिजीत सोनी, प्रकाश सिंगी, आनंद बरडिया, संकेत जैन, अर्पित जैन, नितिन जैन, श्लोक जैन, सुशांत जैन, संजय जैन एसके, पप्पू जैन व अन्य सदस्य उपस्थित हुए

### श्री मारवाड़ी युवक मंडल ने भी किया शोभायात्रा का स्वागत..

शोभायात्रा का स्वागत करने में श्री मारवाड़ी युवक मंडल ने भी अग्रणी भूमिका निभाई। श्री मारवाड़ी युवक मंडल के अध्यक्ष महेश गोयल के नेतृत्व में कार्यकरिणी के सदस्यो द्वारा ईसरका मार्केट के सामने, श्री मारवाड़ी चौक पर भगवान श्री महावीर स्वामीजी की पूजा अर्चना एवं ठंडाई वितरण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बालमुकुंद महेश्वरी, अभिजीत सोनी, संजय जैन, रवि मुंदड़ा, महेन्द्र (मंटु) पुरोहित आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

### आज 31 मार्च को होंगे यह कार्यक्रम..

श्री भगवान महावीर जन्मकल्याणक दिवस पर 31 मार्च दिन मंगलवार को युबह 6.36 बजे प्रभात फेरी का शुभारंभ हनुमान मंदिर सिव्हिल लाईन से होगा। इसी प्रकार आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में सुबह 8.45 बजे श्री महावीर प्रभु का स्नात्र महोत्सव, सुबह 9.36 बजे श्री महावीर पंचकल्याणक पूजा संपन्न होगी। वहीं गौ शाला मुर्री में दोपहर 4.15 बजे से जीव दया कार्यक्रम के तहत सभी गौ माताओं को चारा एवं रोटी का वितरण किया जायेगा, वहीं रात्रि में 8.15 बजे से जैन कुशल भवन में जैन अंताक्षरी एवं प्रश्न मंच का आयोजन किया जा रहा है। सभी कार्यक्रमों में सकल जैन समाज बंधुओं से सपरिवार उपस्थिति की अपील की गई है।

## गोंदिया के आयुष्य हॉस्पिटल की एक और सफल सर्जरी..

# प्राणघातक दर्द से परेशान महिला के पेट से निकाली 7 किलोग्राम की सिस्टिक गांठ

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर के रेल टोली में स्थित डॉ. जितेन्द्र गुप्ता के आयुष्य हॉस्पिटल ने समय समय पर अनेक दुर्लभ चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन एवं सर्जरी कर मरीजों को नया जीवन देने का कार्य किया है। पिछले ही दिनों एक सर्जरी कर जहां आयुष्य हॉस्पिटल ने एक महिला***





मरीज को रोग मुक्त करने में सफलता प्राप्त की, वहीं एक बार फिर आज 30 मार्च को एक 44 वर्षीय महिला की सर्जरी कर उसके पेट से 7 किलोग्राम की सिस्टिक गांठ निकालकर डॉ. जितेन्द्र गुप्ता एवं सहयोगी चिकित्सकों व स्टाफ द्वारा बड़े दर्द से छुटकारा दिला दिया है। उक्त सफलता पर डॉ. जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि एक 44 वर्षीय महिला पिछले 3 महीनों से पेट दर्द और पेट में बढ़ती हुई सूजन (फुलनेस) की समस्या से परेशान थी। जैसे-जैसे समय बीतता गया, उनका पेट असामान्य रूप से बड़ा होता गया। वे जांच के लिये जब आयुष्य हॉस्पिटल पहुंची, तो जांच के दौरान पता चला कि उनके पेट में एक बहुत बड़ी सिस्ट (गांठ) विकसित हो चुकी है, जो पेल्विस से लेकर लिवर तक फैली हुई थी। सभी आवश्यक जांचों के बाद कैंसर की संभावना को खारिज किया गया। अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक सर्जरी कर लगभग 7 किलोग्राम वजन की बड़ी सिस्टिक गांठ को अत्यंत सावधानीपूर्वक निकाल दिया। डॉ. जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि सर्जरी पूरी तरह सफल रही। मरीज अब स्वस्थ है और तेजी से रिकवरी कर रही है। यह केस समय पर जांच और सही इलाज की अहमियत को दर्शाता है। डॉ. श्री गुप्ता ने कहा कि अगर आपको भी लंबे समय से पेट दर्द, सूजन या किसी भी तरह की असामान्य समस्या है, तो इसे नजरअंदाज न करें, और तुरंत जांच कर समाधान करें।

# सहयोग अस्पताल की 'पे-बैक टू सोसाइटी' योजना के तहत की गई 20 से अधिक बच्चों की नि:शुल्क सर्जरी..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***सहयोग अस्पताल, गोंदिया ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए बीते एक वर्ष में 20 से भी अधिक बच्चों के कटे होंठ (क्लेफ्ट लिप) एवं कटे तालू (क्लेफ्ट पैलेट) का नि:शुल्क सफल ऑपरेशन कर उन्हें नई मुस्कान***




और आत्मविश्वास प्रदान किया है। यह पहल अस्पताल की 'पे-बैक टू सोसाइटी' योजना के अंतर्गत संचालित की गई। यह अभियान अंतरराष्ट्रीय संस्था स्माइल ट्रेन इंडिया के सहयोग से चलाया गया, जिसमें 6 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को शामिल किया गया। नि:शुल्क सर्जरी के माध्यम से इन बच्चों को नया जीवन देने का महत्वपूर्ण कार्य अस्पताल के हेल्थ एंड वेलनेस विभाग द्वारा किया गया। इन सभी सर्जरी को अस्पताल के अनुभवी मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. मनिंदर जांभुळकर द्वारा सफ्लतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस दौरान एनेस्थेसियोलॉजी टीम के डॉ. शीतल धरमखेले, डॉ. आशीष नासरे एवं डॉ. मितेश राठी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस अवसर पर डॉ. मनिंदर जांभुळकर ने बताया कि क्लेफ्ट लिप और क्लेफ्ट पैलेट एक जन्मजात विकृति है, जिसका समय पर और सही तकनीक से इलाज संभव है। आधुनिक सर्जिकल तकनीकों की मदद से न केवल बच्चों के चेहरे की संरचना को सामान्य बनाया जा सकता है, बल्कि उनकी बोलने और खाने की क्षमता में भी सुधार होता है। यह सर्जरी बच्चों के आत्मविश्वास और सामाजिक जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अस्पताल के एमडी जयेश सर ने 'पे-बैक टू सोसाइटी' अभियान पर कहा कि सहयोग अस्पताल का उद्देश्य केवल उपचार प्रदान करना नहीं, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इस पहल के माध्यम से हम उन बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं, जो आर्थिक कारणों से इलाज से वंचित रह जाते हैं। आने वाले समय में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर हेल्थ एंड वेलनेस टीम के ए.जी.एम. डॉ. विश्वेश्वर वेरुळकर ने बताया कि सहयोग अस्पताल का उद्देश्य जरूरतमंदों तक उच्च गुणवत्ता वाली और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। अस्पताल में अनुभवी नर्सिंग स्टाफ, 24×7 डॉक्टरों की उपलब्धता तथा अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से उपचार प्रदान किया जाता है, जिससे मरीजों को बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। सहयोग अस्पताल लगातार मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभा रहा है।

# विवाह की रस्मों के बीच रुकवाया बाल विवाह..

## गोंदिया पुलिस के दामिनी पथक और महिला बाल विकास विभाग की तिरोड़ा में संयुक्त कार्रवाई; नाबालिग लड़की ने जताई आगे पढ़ने की इच्छा

जगप्रेरणा गोंदिया।

***प्रशासन की मुस्तैदी के चलते गोंदिया जिले के तिरोड़ा में होने वाला एक बाल विवाह समय रहते रोक दिया गया। दामिनी पथक और जिला महिला व बाल विकास विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए विवाह की रस्मों से पहले ही दखल दी और***



नाबालिग बच्ची का भविष्य सुरक्षित किया।जिलाधिकारी प्रजीत नायर और जिला पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे को तिरोड़ा में एक बाल विवाह होने की गोपनीय सूचना मिली थी। इसके बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी कीर्ति कुमार कटरे और महिला बाल विकास अधिकारी तुषार पौनिकर के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तिरोड़ा नगर परिषद से बालक-बालिका के जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किए, जिसमें पाया गया कि लड़की की उम्र विवाह के लिए निर्धारित कानूनी आयु से कम है।

### और फिर पुलिस टीम ने दी शादी की रस्मों के बीच दबीश..

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 अप्रैल को मंडप पूजन और 5 अप्रैल को विवाह संपन्न होने वाला था। टीम ने 28 मार्च को ही मौके पर पहुंचकर परिजनों को कानून की जानकारी दी। पुलिस निरीक्षक योगिता चाफले और सहायक पुलिस निरीक्षक मनीषा निकम ने परिजनों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों और कानूनी दंड (बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006) के बारे में वर एवं वधु पक्ष को विस्तार से समझाया। काउंसलिंग के बाद परिजनों को अपनी गलती का एहसास हुआ। दोनों पक्षों के माता-पिता ने लिखित शपथ पत्र दिया कि वे उम्र पूरी होने से पहले विवाह नहीं करेंगे।

सामाजिक कार्यकर्ता मनीषा चौधरी और दीपमाला भालेराव द्वारा की गई काउंसलिंग के बाद नाबालिग लड़की ने आगे पढ़ने की इच्छा जाहिर की। उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर माता-पिता को सौंप दिया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानन गोबाडे के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में दामिनी पथक की पीआई योगिता चाफले, एपीआई मनीषा निकम, पीएसआई पूजा सुरलकर, प्रशांत बनसोड, सोनाली टिके, प्रीति बुरेले और वैशाली भांडक्कर के साथ ही विभागीय टीम में मुकेश पटले, रवींद्र टेंभुर्णे (संरक्षण अधिकारी), विनोद चौधरी (बाल विकास परियोजना अधिकारी), और 'चाइल्ड हेल्पलाईन' के अजय खोब्रागडे का सराहनीय योगदान रहा।

### प्रशासन की अपील..

**एक बार फिर एक बाल विवाह को होने से रोकने के बाद जिला प्रशासन के मुखिया जिलाधिकारी प्रजीत नायर एवं पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले, तो तुरंत आंगनवाड़ी सेविका, नजदीकी पुलिस स्टेशन या चाइल्ड हेल्पलाईन के टोल-फ्री नंबर 1098 पर सूचना दें। बाल विवाह मुक्त गोंदिया अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।**

SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER

SONO VIEW

DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist

DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ

FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.

DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.

राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक

तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com